# अध्याय 1

# भारत का इतिहास

## प्राचीन भारत

### पाषाण काल

- पाषाण काल को तीन भागों में बाँटा गया है—पुरापाषाण काल, मध्यपाषाण काल तथा नवपाषाण काल।
- पुरापाषाण काल में मनुष्य की जीविका का मुख्य आधार शिकार था। इस काल को आखेटक तथा खाद्य-संग्राहक काल भी कहा जाता है।
- लगभग 36000 ई.पू. में आधुनिक मानव पहली बार अस्तित्व में आया। आधुनिक मानव को 'होमो-सेपियन' भी कहा जाता है।
- मानव द्वारा प्रथम पालतू पशु कुत्ता था, जिसे मध्यपाषाण काल में पालतू बनाया गया।
- आग की जानकारी मानव को पुरापाषाण काल से ही थी, किन्तु इसका प्रयोग नवपाषाण काल से प्रारम्भ हुआ था।
- नवपाषाण काल से मानव ने कृषि-कार्य प्रारम्भ किया, जिससे उसमें स्थायी निवास की प्रवृत्ति विकसित हुई।
- भारत में पाषाणकालीन सभ्यता का अनुसन्धान सर्वप्रथम रॉबर्ट ब्रूस फुट ने 1863 ई. में प्रारम्भ किया।
- भारत में व्यवस्थित कृषि का पहला साक्ष्य मेहरगढ़ से प्राप्त हुआ है।
- बिहार के चिरांद नामक नवपाषाण कालीन स्थल से हड्डी के औजार मिले हैं।
- पाषाण काल के तीनों चरणों का साक्ष्य बेलन घाटी इलाहाबाद से प्राप्त हुआ है।
- औजारों में प्रयुक्त की जाने वाली पहली धातु ताँबा थी तथा इस धातु का ज्ञान मनुष्य को सर्वप्रथम हुआ।
- चावल की खेती का प्राचीनतम साक्ष्य कोलडीहवा (इलाहाबाद) से पाया गया है। पहिये का आविष्कार नवपाषाण काल में हुआ।
- सर्वप्रथम 1921 ई. में रायबहादुर दयाराम साहनी ने तत्कालीन भारतीय पुरातत्व विभाग के निदेशक सर जॉन मार्शल के नेतृत्व में हड़प्पा नामक स्थल की खुदाई कर इस सभ्यता की खोज की।
- हड़प्पा के पश्चात् 1922 ई. में राखालदास बनर्जी ने मोहनजोदड़ो नामक स्थल की खोज की। भारत में सर्वाधिक सैन्धव स्थल गुजरात में पाए गए हैं।

## सिन्धु घाटी सभ्यता (हड़प्पा सभ्यता)

**सिन्धु घाटी (हड़प्पा) सभ्यता के प्रमुख स्थल, उत्खननकर्ता, ई., नदी, वर्तमान स्थिति एवं प्राप्त महत्त्वपूर्ण साक्ष्य**

| क्र.सं. | प्रमुख स्थल | उत्खननकर्ता | ई. | नदी | वर्तमान स्थिति | प्राप्त महत्त्वपूर्ण साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हड़प्पा | दयाराम साहनी एवं माधोस्वरूप वत्स | 1921 | रावी | पाकिस्तान का माण्टगोमरी जिला | ताँबे का पैमाना, ताँबे की इक्कागाड़ी, ताँबा गलाने की भट्टी, अन्नागार |
| 2. | मोहनजोदड़ो | राखलदास बनर्जी | 1922 | सिन्धु | पाकिस्तान के सिन्ध प्रान्त का लरकाना जिला | स्नानागार, अन्नागार, पुरोहित आवास, सभा भवन, कांसे की नर्तकी की मूर्ति, पशुपति की मूर्ति, सूती धागा |
| 3. | चन्हूदड़ो | अर्नेस्ट मैके | 1935-36 | सिन्धु | सिन्ध प्रान्त (पाकिस्तान) | मनका बनाने का कारखाना, दवात, काजल, कंघा |
| 4. | रंगपुर | रंगनाथ राव | 1953-54 | मादर | गुजरात का काठियावाड़ जिला | चावल की भूसी |
| 5. | रोपड़ | यज्ञदत्त शर्मा | 1953-55 | सतलज | पंजाब का रोपड़ जिला | मानव के साथ कुत्ते को दफनाने का साक्ष्य |
| 6. | लोथल | रंगनाथ राव | 1955-62 | भोगवा | गुजरात का अहमदाबाद जिला | गोदीवाड़ा, युग्मित शवाधान, रँगाई के कुण्ड, हाथी दाँत का पैमाना |
| 7. | कोटदीजी | फजल अहमद | 1955 | सिन्धु | सिन्ध प्रान्त का खैरपुर स्थान | पत्थर के वाणाग्र |
| 8. | आलमगीरपुर | यज्ञदत्त शर्मा | 1958 | हिन्डन | उत्तर प्रदेश का मेरठ जिला | साँप तथा रीछ की मृण्मूर्ति |
| 9. | कालीबंगा | बी.बी. लाल एवं बी.के. थापर | 1961 | घग्घर | राजस्थान का श्रीगंगानगर जिला | जुते खेत, अग्नि वेदियाँ, पकी ईंटें, अलंकृत फर्श |
| 10. | राखीगढ़ी | सुरजमान | 1963 | | घग्गर नदी, हरियाणा | भारत में स्थित इस सभ्यता का सबसे बड़ा स्थल |
| 11. | बनावली | रवीन्द्र सिंह बिष्ट | 1973-74 | सरस्वती | हरियाणा का हिसार जिला | मिट्टी का खिलौना, हल, जौ, मातृदेवी की मृण्मूर्ति |
| 12. | धौलावीरा | रवीन्द्र सिंह बिष्ट | 1990 | | गुजरात का कच्छ जिला | पॉलिशदार श्वेत पाषाण खण्ड, स्टेडियम सैन्धव लिपि के दस बड़े अक्षर, लम्बा जलाशय |

### सभ्यता का कालक्रम एवं नामाकरण

- रेडियो कार्बन $C^{14}$ विश्लेषण पद्धति के द्वारा सिन्धु सभ्यता की सर्वमान्य तिथि 2350 ई.पू. से 1750 ई.पू. मानी गई है।
- सिन्धु सभ्यता के अन्य नदी-घाटियों तक विस्तृत स्वरूप का पता चलने के कारण इसे 'हड़प्पा सभ्यता' के नाम से अधिक जाना जाता है। हड़प्पा को इस नगरीय सभ्यता का प्रथम उत्खनन स्थल होने के कारण नामकरण का यह सम्मान प्राप्त हुआ।

### सभ्यता की विशेषता

- सिन्धु घाटी सभ्यता (हड़प्पा सभ्यता) कांस्ययुगीन सभ्यता थी।
- मोहनजोदड़ो को 'मृतकों का टीला' भी कहा जाता है।
- कालीबंगा का अर्थ 'काले रंग की चूड़ियाँ' होता है।
- सिन्धु घाटी सभ्यता की महत्त्वपूर्ण विशेषता नगर-निर्माण योजना का होना था। एक सुव्यवस्थित जल निकास प्रणाली, इस सभ्यता के नगर-निर्माण योजना की प्रमुख विशेषता थी।
- हड़प्पा सभ्यता का समाज मातृसत्तात्मक था। कृषि तथा पशुपालन के साथ-साथ उद्योग एवं व्यापार भी अर्थव्यवस्था के मुख्य आधार थे।
- हड़प्पा सभ्यता के आर्थिक जीवन का मुख्य आधार कृषि था।
- विश्व में सर्वप्रथम यहीं के निवासियों ने कपास की खेती प्रारम्भ की थी। मेसोपोटामिया में 'कपास' के लिए 'सिन्धु' शब्द का प्रयोग किया जाता था। यूनानियों ने इसे 'सिण्डन' कहा, जो सिन्धु का ही यूनानी रूपान्तरण है।
- हड़प्पा सभ्यता में आन्तरिक तथा विदेशी दोनों प्रकार का व्यापार होता था। व्यापार वस्तु-विनिमय के द्वारा होता था।
- माप-तौल की इकाई सम्भवत: 16 के अनुपात में थी।
- हड़प्पा सभ्यता में प्रशासन सम्भवत: वणिक् वर्ग द्वारा चलाया जाता था।
- इस सभ्यता में मातृदेवी की उपासना का प्रमुख स्थान था। साथ ही पशुपति, लिंग, योनि, वृक्षों एवं पशुओं की भी पूजा की जाती थी।
- पशुओं में कूबड़ वाला सांड सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पशु था और उसकी पूजा का प्रचलन था।
- इस काल में मन्दिर के अवशेष नहीं मिले हैं।
- इस सभ्यता के निवासी मिट्टी के बर्तन-निर्माण, मुहरों के निर्माण, मूर्ति-निर्माण आदि कलाओं में प्रवीण थे।
- मुहरें अधिकांशत: सेलखड़ी की बनी होती थीं।
- हड़प्पा सभ्यता में शवों को दफनाने एवं जलाने की प्रथा प्रचलित थी।
- मानवशास्त्रियों के अनुसार चार जाति समूहों; प्रोटो- ऑस्ट्रेलॉयड, भूमध्य सागरीय, मंगोलियन एवं अल्पाइन द्वारा इस सभ्यता का निर्माण हुआ था।

### लिपि

- हड़प्पा की लिपि, भाव-चित्रात्मक है। यह लिपि प्रथम पंक्ति में दाएँ से बाएँ तथा दूसरी पंक्ति में बाएँ से दाएँ लिखी गई है। इस लेखन पद्धति को 'ब्रुस्टोफेदम' कहा गया है। इसे अभी तक पढ़ा नहीं जा सका है।

### वैदिक सभ्यता

- वैदिक काल का विभाजन दो भागों में किया गया है
  1. ऋग्वैदिक काल—इसे 1500 ई.पू.-1000 ई.पू. माना गया है।
  2. उत्तर वैदिक काल—इसे 1000 ई.पू.-600 ई.पू. माना गया है।
- मैक्स मूलर ने आर्यों का मूल निवास स्थान मध्य एशिया को माना है।
- भारत में आर्य सर्वप्रथम 'सप्तसिन्धु' क्षेत्र में बसे। यह क्षेत्र आधुनिक पंजाब तथा उसके आस-पास का क्षेत्र था।

### ऋग्वैदिक काल

- ऋग्वैदिक आर्य कई छोटे-छोटे कबीलों में विभक्त थे। ऋग्वैदिक साहित्य में कबीले को 'जन' कहा गया है।
- कबीले के सरदार को 'राजन' कहा जाता था, जो शासक होते थे।
- सबसे छोटी राजनीतिक इकाई कुल या परिवार थी, कई कुल मिलकर ग्राम बनते थे जिसका प्रधान 'ग्रामणी' होता था, कई ग्राम मिलाकर 'विश' होता था, जिसका प्रधान 'विशपति' होता था तथा कई 'विश' मिलकर 'जन' होता था जिसका प्रधान 'राजा' होता था।
- ऋग्वेद में 'जन' का 275 बार तथा 'विश' का 170 बार उल्लेख हुआ है।
- 'सभा', 'समिति' 'विदथ' एवं गण राजनीतिक संस्थाएँ थीं।
- परिवार पितृसत्तात्मक था।
- समाज में वर्ण-व्यवस्था कर्म पर आधारित थी। ऋग्वेद के दसवें मण्डल के 'पुरुष सूक्त' में चार वर्णों; ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र; का उल्लेख है।
- 'सोम' आर्यों का मुख्य पेय था तथा 'यव' (जौ) मुख्य खाद्य पदार्थ।
- समाज में स्त्रियों की स्थिति अच्छी थी। इस समय समाज में 'विधवा विवाह', 'नियोग प्रथा' तथा 'पुनर्विवाह' का प्रचलन था लेकिन 'पर्दा प्रथा', 'बाल-विवाह' तथा 'सती-प्रथा' प्रचलित नहीं थी।

**ऋग्वैदिककालीन नदियाँ**

| क्र.सं. | प्राचीन नाम | आधुनिक नाम | क्र.सं. | प्राचीन नाम | आधुनिक नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुभु | कुर्रम | 7. | कुभा | काबुल |
| 2. | वितस्ता | झेलम | 8. | अस्किनी | चिनाब |
| 3. | परुषणी | रावी | 9. | शतुद्रि | सतलुज |
| 4. | विपाशा | व्यास | 10. | सदानीरा | गण्डक |
| 5. | दृषद्वती | घग्घर | 11. | गोमती | गोमाल |
| 6. | सुवास्तु | स्वात् | | | |

*ऋग्वेद में उल्लिखित सभी नदियों में सरस्वती सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण तथा पवित्र मानी जाती थी।*

- ऋग्वैदिक काल के देवताओं में सर्वाधिक महत्त्व 'इन्द्र' को तथा उसके उपरान्त 'अग्नि' व 'वरुण' को महत्त्व प्रदान किया गया था।
- ऋग्वेद में इन्द्र को 'पुरन्दर' अर्थात् 'किले को तोड़ने वाला' कहा गया है। ऋग्वेद में उसके लिए 250 सूक्त हैं।

### उत्तर वैदिक काल

- उत्तर वैदिक काल के राजनीतिक संगठन की मुख्य विशेषता बड़े राज्यों तथा जनपदों की स्थापना थी।
- राजत्व के 'दैवी उत्पत्ति के सिद्धान्त' का सर्वप्रथम उल्लेख 'ऐतरेय ब्राह्मण' में किया गया है।
- इस काल में राजा का महत्त्व बढ़ा। उसका पद वंशानुगत हो गया।
- उत्तर वैदिक काल में परिवार पितृसत्तात्मक होते थे। संयुक्त परिवार की प्रथा विद्यमान थी।
- समाज स्पष्ट रूप से चार वर्णों; ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र; में बँटा था। वर्ण व्यवस्था कर्म के बदले जाति पर आधारित थी।
- स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं थी। उन्हें धन सम्बन्धी तथा किसी प्रकार के राजनीतिक अधिकार प्राप्त नहीं थे।
- 'जाबालोपनिषद्' में सर्वप्रथम चार आश्रमों; ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं संन्यास; का विवरण मिलता है।
- धार्मिक एवं यज्ञीय कर्मकाण्डों में जटिलता आई
- इस काल में सबसे प्रमुख देवता प्रजापति (ब्रह्मा), विष्णु एवं रुद्र (शिव) थे।

- लोहे के प्रयोग का सर्वप्रथम साक्ष्य 1000 ई.पू. उत्तर प्रदेश के अतरन्जीखेड़ा (उत्तर प्रदेश) से मिला है।

**षड्दर्शन एवं उनके रचयिता**

| दर्शन | रचयिता |
|---|---|
| सांख्य | कपिल |
| योग | पतञ्जलि |
| न्याय | गौतम |
| पूर्व मीमांसा | जैमिनी |
| उत्तर मीमांसा | बादरायण |
| वैशेषिक | कणाद या उलूक |

## वैदिक साहित्य

- वेदों की संख्या चार है

1. **ऋग्वेद**
   - यह प्राचीनतम वेद है, इसमें 10 मण्डल तथा 1,028 सूक्त हैं।
   - इसकी भाषा पद्यात्मक है। इसमें गायत्री मन्त्र का उल्लेख है, जो सूर्य से सम्बन्धित देवी सावित्री को सम्बोधित है।
2. **सामवेद**
   - इसमें संकलित मन्त्रों को यज्ञ के अवसर पर देवताओं की स्तुति के लिए गाया जाता था।
   - इसे 'भारतीय संगीत का मूल' कहा जाता है।
3. **यजुर्वेद**
   - यह एकमात्र ऐसा वेद है जिसकी रचना पद्य तथा गद्य दोनों में की गई है।
   - यह मूलत: कर्मकाण्ड प्रधान ग्रन्थ है।
4. **अथर्ववेद**
   - इसमें ब्रह्म ज्ञान, औषधि प्रयोग, रोग निवारण, जन्त्र-तन्त्र, टोना-टोटका आदि का वर्णन है।

### उपनिषद

- ब्रह्म विषयक होने के कारण इसे 'ब्रह्म विद्या' भी कहा जाता है।
- इसमें आत्मा-परमात्मा एवं संसार के सन्दर्भ में प्रचलित दार्शनिक विचारों का संग्रह मिलता है।
- इसकी संख्या 108 है। भारत का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य 'सत्यमेव जयते' मुण्डकोपनिषद् से लिया गया है।

### वेदांग

- वेदों के अर्थ समझने व सूक्तियों के सही उच्चारण के लिए वेदांग की रचना की गई।
- इनकी संख्या 6 है—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द एवं ज्योतिष।

### स्मृति

- स्मृतियों को 'धर्म-शास्त्र' भी कहा जाता है।
- 'मनुस्मृति' सबसे प्राचीन है जिसकी रचना 200 ई.पू. से 100 ई. के मध्य की गई।

### पुराण

- इनकी संख्या 18 है।
- सर्वाधिक प्राचीन एवं प्रामाणिक 'मत्स्य पुराण' है। इसमें विष्णु के दस अवतारों का उल्लेख है।

## जैन और बौद्ध धर्म

### जैन धर्म

- जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव थे। इन्हें इस धर्म का संस्थापक भी माना जाता है।
- जैन धर्म में कुल 24 तीर्थंकर हुए। महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। इन्हें जैन धर्म का वास्तविक संस्थापक माना जाता है।
- जैन धर्म में कर्मफल से छुटकारा पाने के लिए त्रिरत्न का पालन आवश्यक माना गया है। ये त्रिरत्न हैं—सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान एवं सम्यक् आचरण।
- महावीर ने पाँच महाव्रतों के पालन का उपदेश दिया। ये पाँच महाव्रत हैं—सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य। इनमें से शुरू के चार महाव्रत जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के थे, अन्तिम महाव्रत ब्रह्मचर्य महावीर स्वामी ने जोड़ा। जैन धर्म अनीश्वरवादी है।

**महावरी स्वामी : परिचय**

**जन्म** कुण्डग्राम (वैशाली)
**जन्म का वर्ष** 540 ई.पू.
**पिता** सिद्धार्थ (ज्ञातृक क्षत्रिय कुल)
**माता** त्रिशला (लिच्छवि शासक चेटक की बहन)
**पत्नी** यशोदा
**गृह त्याग** 30 वर्ष की आयु में
**तपस्थल** जृम्भिक ग्राम (ऋजुपालिका नदी के किनारे)
**कैवल्य** ज्ञान की प्राप्ति 42 वर्ष की अवस्था में
**निर्वाण** 468 ई.पू. (पावापुरी में)

- कालान्तर में जैन धर्म दो सम्प्रदायों श्वेताम्बर एवं दिगम्बर में बँट गया। श्वेताम्बर सम्प्रदाय के अनुयायी श्वेत वस्त्र धारण करते हैं, जबकि दिगम्बर सम्प्रदाय के अनुयायी वस्त्रों का परित्याग करते हैं।

**जैन महासंगीतियाँ**

| संगीति | समय | स्थल | अध्यक्ष | कार्य |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | 322 ई.पू. -298 ई.पू. | पाटलिपुत्र | स्थूलभद्र | जैन धर्म दो भागों श्वेताम्बर एवं दिगम्बर में विभाजित। |
| द्वितीय | 512 ई. | वल्लभी | देव ऋद्धिगणि (क्षमाश्रमण) | धर्मग्रन्थों को लिपिबद्ध किया गया। |

- महावीर स्वामी ने अपने उपदेश प्राकृत भाषा में दिये।

### बौद्ध धर्म

- बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध थे।

**गौतम बुद्ध : परिचय**

**जन्म** लुम्बिनी ग्राम, कपिलवस्तु
**जन्म का वर्ष** 563 ई.पू.
**पिता** शुद्धोधन (शाक्य गण के प्रधान)
**माता** महामाया (कोलियगण की राजकुमारी)
**पत्नी** यशोधरा
**पुत्र** राहुल
**गृह त्याग** 29 वर्ष की आयु में (महाभिनिष्क्रमण)
**तपस्थल** उरुवेला (निरंजना नदी के किनारे)
**ज्ञान** ज्ञान की प्राप्ति 35 वर्ष की अवस्था में
**महापरिनिर्वाण** 483 ई.पू. (कुशीनगर में)

- गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश सारनाथ (ऋषिपतनम) में दिया।
- बुद्ध ने सांसारिक दु:खों के बारे में चार आर्य सत्य बताये हैं। ये हैं—दु:ख, दु:ख समुदय, दु:ख विशेष तथा दु:ख निरोध गामिनी प्रतिपदा।
- दु:खों से छुटकारा पाने के लिए बुद्ध ने अष्टांगिक मार्ग का उपदेश दिया। ये हैं—सम्यक् दृष्टि, सम्यक् संकल्प, सम्यक् वाक्, सम्यक् कर्मान्त, सम्यक् आजीव, सम्यक् व्यायाम, सम्यक् स्मृति तथा सम्यक् समाधि।
- प्रतीत्यसमुत्पाद को गौतम बुद्ध की शिक्षाओं का सार कहा जाता है।
- बौद्ध धर्म अनीश्वरवादी तथा अनात्मवादी है।
- बुद्ध, संघ एवं धम्म—ये तीन बौद्ध धर्म के त्रिरत्न हैं।

**बुद्ध के जीवन से सम्बन्धित घटनाएँ एवं उनके प्रतीक चिह्न**

| घटना | प्रतीक चिह्न |
|---|---|
| जन्म | कमल एवं सांड |
| गृह त्याग | घोड़ा |
| ज्ञान | पीपल वृक्ष |
| निर्वाण | पद चिह्न |
| मृत्यु | स्तूप |

- जातक कथाओं में गौतम बुद्ध की जीवन सम्बन्धी कहानियाँ हैं।
- बौद्ध ग्रन्थों; सुत्त पिटक, विनय पिटक तथा अभिधम्म पिटक; को सामूहिक रूप से 'त्रिपिटक' कहा गया है। त्रिपिटक की भाषा पालि है।
- महात्मा बुद्ध ने अपने उपदेश पालि भाषा में दिये।
- कालान्तर, कनिष्क के शासनकाल में बौद्ध धर्म का विभाजन हीनयान तथा महायान दो शाखाओं में हो गया।
- हीनयान शाखा के अनुयायियों ने गौतम बुद्ध के मूल उपदेशों को स्वीकार किया जबकि महायान शाखा के अनुयायियों ने बुद्ध की मूर्ति-पूजा का प्रचलन शुरू किया।

**बौद्ध संगीतियाँ**

| संगीति | स्थान | शासनकाल | समय | अध्यक्ष |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम बौद्ध संगीति | राजगृह | अजातशत्रु | 483 ई.पू. | महाकस्सप |
| द्वितीय बौद्ध संगीति | वैशाली | कालाशोक | 383 ई.पू. | सर्वकामी (सब्बकामी) |
| तृतीय बौद्ध संगीति | पाटलिपुत्र | अशोक | 250 ई.पू. | मोग्गलिपुत्त तिस्स |
| चतुर्थ बौद्ध संगीति | कुण्डल वन | कनिष्क | ई. की प्रथम शताब्दी | वसुमित्र |

**प्राचीन भारत में प्रचलित सम्प्रदाय एवं संस्थापक**

| सम्प्रदाय | संस्थापक | सम्प्रदाय | संस्थापक |
|---|---|---|---|
| आजीवक | मक्खलिपुत्त गोशाल | घोर अक्रियावादी | पूरण कस्सप |
| यदृच्छावाद | आचार्य अजित | भौतिकवादी | पकुध कच्चायन |
| (अनिश्चयवादी) | केशकम्बलिन | (भौतिक दर्शन) | संजय वेट्ठलिपुत्त |

## महाजनपदों का उदय

- छठी शताब्दी ई. पू. के आस-पास कृषि में नवीन तकनीक तथा लोहे के प्रयोग के कारण अधिशेष उत्पादन होने लगा। कृषि अधिशेष से व्यापार एवं वाणिज्य को बल मिला, जिससे **दूसरी नगरीय क्रान्ति** आई। इस कारण उत्तर वैदिक काल के जनपद, महाजनपदों में परिवर्तित हो गए।
- महाजनपदों की कुल संख्या 16 थी, जिसका उल्लेख बौद्ध ग्रन्थ **अंगुत्तर निकाय, महावस्तु** एवं जैन ग्रन्थ **भगवती सूत्र** में मिलता है। इसमें मगध, कोमल, वत्स और अवन्ति सर्वाधिक शक्तिशाली थे।

**महाजनपद एवं उनकी राजधानी**

| महाजनपद | राजधानी | महाजनपद | राजधानी |
|---|---|---|---|
| मगध | राजगृह | वत्स | कौशाम्बी |
| अवन्ति | उज्जयिनी/महिष्मती | कुरु | हस्तिनापुर |
| वज्जि | वैशाली | मत्स्य | विराटनगर |
| कोसल | श्रावस्ती | पांचाल | अहिच्छत्र/काम्पिल्य |
| काशी | वाराणसी | सूरसेन | मथुरा |
| अंग | चम्पा | गान्धार | तक्षशिला |
| मल्ल | कुशीनारा | कम्बोज | राजपुरा |
| चेदि | सोथीवती | अश्मक | पोतन |

## मगध साम्राज्य

- ईसा पूर्व के सोलह महाजनपदों में मगध सर्वाधिक शक्तिशाली महाजनपद था।
- प्राचीन भारत में साम्राज्यवाद की शुरूआत या विकास का श्रेय मगध को दिया जाता है।

### हर्यंक वंश (544 ई.पू.-412 ई.पू.)

- मगध साम्राज्य की महत्ता का वास्तविक संस्थापक बिम्बिसार (544-ई.पू.-492 ई.पू.) था। उसकी राजधानी गिरिव्रज (राजगृह) थी।
- बिम्बिसार ने वैवाहिक सम्बन्धों के आधार पर अपनी राजनीतिक स्थिति सुदृढ़ की।
- बिम्बिसार ने अपने राजकीय चिकित्सक 'जीवक' को पड़ोसी राज्य अवन्ति के शासक चण्डप्रद्योत महासेन की चिकित्सा के लिए भेजा था।
- बिम्बिसार को उसके पुत्र अजातशत्रु (492 ई.पू.-460 ई.पू.) ने बन्दी बनाकर सत्ता पर कब्जा जमाया। अजातशत्रु को 'कुणिक' के नाम से भी जाना जाता है।
- अजातशत्रु ने वज्जि संघ के लिच्छवियों को पराजित करने के लिए 'रथमूसल' एवं 'महाशिलाकण्टक' नामक नये हथियारों का प्रयोग किया।
- अजातशत्रु के शासनकाल में राजगृह के सप्तपर्णि गुफा में प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन हुआ था।
- अजातशत्रु का पुत्र उदयिन (उदयभद्र) (460 ई.पू.-444 ई.पू.) हर्यंक वंश का तीसरा महत्त्वपूर्ण शासक था, उसने पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना) की स्थापना की तथा उसे अपनी राजधानी बनाया।

### शिशुनाग वंश (412 ई.पू.-344 ई.पू.)

- हर्यंक वंश के सेनापति शिशुनाग ने मगध की सत्ता पर कब्जा कर शिशुनाग वंश की स्थापना की।
- इस वंश के शासक कालाशोक (काकवर्ण) के शासनकाल में मगध की राजधानी वैशाली थी, जहाँ द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन हुआ।

### नन्द वंश (344 ई.पू.-324 ई.पू.)

- नन्द वंश का संस्थापक महापद्मनन्द था। उसे सर्वक्षत्रान्तक अर्थात् 'सभी क्षत्रियों का नाश करने वाला' कहा गया है।
- महापद्मनन्द ने एकछत्र राज्य की स्थापना की तथा 'एकराट्' की उपाधि धारण की।
- नन्द वंश का अन्तिम शासक धननन्द था। इसी के शासनकाल में सिकन्दर ने भारत पर आक्रमण किया था।

### सिकन्दर का भारत अभियान

- **सिकन्दर** मेसीडोनिया (मकदूनिया) के क्षत्रप फिलिप का पुत्र था।
- अपने विश्व विजय की योजना के अन्तर्गत सिकन्दर ने भारत पर आक्रमण किया।
- झेलम तथा चिनाब के मध्यवर्ती प्रदेश के शासक पोरस (पुरु) ने सिकन्दर का प्रतिरोध किया। सिकन्दर एवं पोरस के बीच 326 ई.पू. में झेलम नदी के किनारे भीषण युद्ध हुआ, जिसमें पोरस की हार हुई। इस युद्ध को 'वितस्ता का युद्ध' या 'हाइडेस्पीज का युद्ध' के नाम से जाना जाता है।
- बाद में सिकन्दर की सेना ने व्यास नदी के आगे बढ़ने से इनकार कर दिया। अन्ततः सिकन्दर को वापस लौटना पड़ा।
- वापस लौटते समय 323 ई.पू. में बेबीलोन में सिकन्दर की मृत्यु हो गई।

## मौर्य साम्राज्य

- चन्द्रगुप्त मौर्य (322 ई.पू.–298 ई.पू.) ने चाणक्य की सहायता से नन्द वंश के शासक धननन्द को अपदस्थ कर मौर्य साम्राज्य की स्थापना की।
- सेल्यूकस ने मेगस्थनीज को अपने राजदूत के रूप में चन्द्रगुप्त के दरबार में भेजा था।
- सेन्ड्रोकोट्स की पहचान चन्द्रगुप्त के रूप में सर्वप्रथम 'विलियम जोन्स' ने की।
- चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने अन्तिम समय में जैन भिक्षु भद्रबाहु से दीक्षा लेकर श्रवणबेलगोला में कायाक्लेश के द्वारा प्राण त्याग दिया।
- बिन्दुसार (298 ई.पू.-272 ई.पू.) को 'अमित्रघात' के नाम से भी जाना जाता है। वह आजीवक सम्प्रदाय का अनुयायी था।
- बिन्दुसार ने सीरिया के शासक एण्टियोकस से अंजीर मदिरा तथा एक दार्शनिक की माँग की थी।
- अशोक (273 ई.पू.–232 ई.पू.) अपनी प्रजा के नैतिक उत्थान के लिए प्रतिपादित 'धम्म' के लिए विश्व विख्यात है।
- अशोक ने अपने शासन के 8वें वर्ष (261 ई.पू.) में कलिंग पर आक्रमण किया तथा उसे जीत लिया।
- कलिंग के साथ हुए युद्ध में भारी रक्तपात को देख अशोक ने 'युद्ध नीति' को छोड़ 'धम्म नीति' का पालन किया।
- अशोक ने अपने बड़े भाई सुमन के पुत्र 'निग्रोध' से प्रभावित होकर बौद्ध धर्म को अपनाया। बाद में 'उपगुप्त' ने उसे बौद्ध धर्म में दीक्षित किया।
- अशोक के धम्म की परिभाषा 'राहुलोवादसुत्त' से ली गई है।
- अशोक के कलिंग युद्ध तथा हृदय परिवर्तन की जानकारी उसके 13वें शिलालेख से मिलती है।
- अशोक ने अपने शासकीय एवं राजकीय आदेशों को शिलालेखों पर खुदवाकर साम्राज्य के विभिन्न भागों में स्थापित किया।
- ये शिलालेख 'ब्राह्मी', 'खरोष्ठी, 'अरामाईक' तथा 'ग्रीक' लिपि में हैं।
- अशोक के शिलालेखों का पता सर्वप्रथम टी. फैन्थेलर ने लगाया तथा इसे पढ़ने में सर्वप्रथम सफलता जेम्स प्रिंसेप को मिली।
- मौर्य साम्राज्य में उच्च स्तर के अधिकारियों को 'तीर्थ' कहा जाता था, जिनकी संख्या 18 बताई गई है।
- कौटिल्य (चाणक्य) के 'अर्थशास्त्र' तथा मेगस्थनीज के 'इण्डिका' से मौर्य साम्राज्य के बारे में विशेष जानकारी मिलती है।

## मौर्योत्तर काल में विदेशी आक्रमण

### यवन

- मौर्योत्तर काल में भारत पर सबसे पहला विदेशी आक्रमण बैक्ट्रिया के ग्रीकों ने किया। इन्हें 'हिन्द-यवन' या 'इण्डोग्रीक' के नाम से भी जाना जाता है।
- हिन्द-यवन शासकों में मिनाण्डर सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। उसकी राजधानी साकल थी।
- प्रसिद्ध बौद्ध दार्शनिक नागसेन के साथ मिनाण्डर (मिलिन्द) के द्वारा किये गए वाद-विवाद का विस्तृत वर्णन 'मिलिन्दपन्हो' नामक ग्रन्थ में है।
- इण्डो-ग्रीक शासकों ने भारत में सर्वप्रथम 'सोने के सिक्के' तथा 'लेखयुक्त सिक्के' जारी किये।
- विभिन्न ग्रहों के नाम, नक्षत्रों के आधार पर भविष्य बताने की कला, सम्वत् तथा सप्ताह के सात दिनों का विभाजन यूनानियों ने भारत को सिखलाया।

### शक

- शक मूलतः मध्य एशिया के निवासी थे।
- शक शासकों में रुद्रदामन प्रथम प्रमुख था। जूनागढ़ से प्राप्त उसका अभिलेख संस्कृत भाषा का पहला अभिलेख है।
- रुद्रदामन प्रथम ने चन्द्रगुप्त मौर्य के समय निर्मित सुदर्शन झील का पुनरुद्धार करवाया था।

### पहलव (पार्थियन)

- पहलव मूलतः पार्थिया के निवासी थे।
- पहलवों का सर्वाधिक प्रसिद्ध शासक गोन्दोफर्निस था। उसके शासनकाल में ईसाई धर्म-प्रचारक सेण्ट टॉमस भारत आया था।

### कुषाण

- कुषाण यू-ची जनजाति से सम्बन्धित थे। वे पश्चिमी चीन से भारत आये थे।
- कनिष्क कुषाण वंश का सबसे प्रसिद्ध शासक था। कनिष्क ने 78 ई. में शक सम्वत् को प्रचलित किया।
- कनिष्क ने पुरुषपुर (पेशावर) को अपनी राजधानी बनाया। मथुरा कनिष्क की द्वितीय राजधानी थी।
- कश्मीर में कनिष्क ने 'कनिष्कपुर' नामक नगर की स्थापना की।
- कनिष्क बौद्ध धर्म का अनुयायी था। उसके शासनकाल में चौथी बौद्ध संगीति का आयोजन कुण्डल वन (कश्मीर) में हुआ था।

## गुप्त साम्राज्य

- गुप्त वंश का प्रथम महत्त्वपूर्ण शासक चन्द्रगुप्त प्रथम था, लेकिन इसके पहले श्रीगुप्त (240-285 ई.) तथा घटोत्कच (280-320 ई.) का शासक के रूप में उल्लेख मिलता है।
- **चन्द्रगुप्त प्रथम** (319-335 ई.) ने 320 ई. में गुप्त सम्वत् की शुरूआत की। उसने महाराजाधिराज की उपाधि धारण की थी।
- चन्द्रगुप्त प्रथम ने अपने राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए लिच्छवि राजकुमारी कुमारदेवी से विवाह किया था, जो उस समय की महत्त्वपूर्ण घटना थी।
- **समुद्रगुप्त** (335-375 ई.) चन्द्रगुप्त प्रथम का पुत्र था। विभिन्न अभियानों के कारण इतिहासकार वी.ए. स्मिथ ने उसे 'भारत का नेपोलियन' कहा है।
- समुद्रगुप्त की विजयों और उसके बारे में जानकारी के स्रोत उसके दरबारी कवि हरिषेण द्वारा रचित प्रयाग प्रशस्ति या इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख है।
- समुद्रगुप्त की अनुमति से सिंहल (श्रीलंका) के राजा मेघवर्मन ने बोधगया में एक बौद्ध मठ स्थापित किया था।
- समुद्रगुप्त के सिक्कों पर उसे वीणा बजाते हुए दिखाया गया है।

- **चन्द्रगुप्त द्वितीय** (375-415 ई.) का काल गुप्तकाल में साहित्य और कला का स्वर्ण-काल कहा जाता है।
- चन्द्रगुप्त द्वितीय ने शकों को पराजित कर 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण की तथा चाँदी के सिक्के चलाये।
- चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल में चीनी यात्री फाह्यान (399-412 ई.) भारत आया था।
- उसके दरबार में नौ विद्वानों की मण्डली थी जिसे 'नवरत्न' कहा जाता था। इस नवरत्न में कालिदास अमर सिंह आदि शामिल थे।
- **कुमार गुप्त प्रथम** (415-455 ई.) के समय में नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी।
- स्कन्दगुप्त (455-467 ई.) गुप्त वंश का अन्तिम प्रतापी शासक था। उसने हूणों के आक्रमण को विफल किया था।
- **स्कन्दगुप्त** ने भी चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा के समय निर्मित सुदर्शन झील का पुनरुद्धार करवाया था।
- गुप्तकालीन प्रशासन की सबसे छोटी इकाई 'ग्राम' थी, जिसका प्रशासन ग्रामिक के हाथ में होता था।
- कई गाँवों को मिलाकर पेठ बनते थे। .
- भारत में मन्दिरों का निर्माण गुप्तकाल से शुरू हुआ। देवगढ़ का दशावतार मन्दिर गुप्तकाल का सबसे उत्कृष्ट मन्दिर है।
- गुप्तकालीन बौद्ध गुफा मन्दिरों में अजन्ता एवं बाघ की गुफाएँ प्रमुख हैं।
- गुप्त शासकों की राजकीय या आधिकारिक भाषा संस्कृत थी।
- गुप्तकाल में 'भाग' एवं 'भोग' राजस्व कर था, 'भाग' उपज का छठा हिस्सा होता था जबकि भोग सब्जी तथा फलों के रूप में दी जाती थी।

### पुष्यभूति वंश

- पुष्यभूति वंश की स्थापना थानेश्वर में हुई थी। इस वंश का पहला महत्त्वपूर्ण शासक प्रभाकरवर्द्धन था।
- **हर्षवर्द्धन** (606-647 ई.) इस वंश का महान् शासक था। उसने अपनी राजधानी थानेश्वर से कन्नौज स्थानान्तरित की।
- बाणभट्ट हर्ष का दरबारी कवि था। उसने 'हर्षचरित' की रचना की। हर्ष ने स्वयं 'नागानन्द', 'रत्नावली' एवं 'प्रियदर्शिका' नामक नाटकों की रचना की थी।
- हर्ष का चालुक्य शासक पुलकेशिन द्वितीय से नर्मदा नदी तट पर युद्ध हुआ था, जिसमें हर्ष की पराजय हुई थी।
- हर्षवर्द्धन के शासनकाल में चीनी यात्री ह्वेनसांग भारत आया था। उसका यात्रा-वृत्तांत 'सी-यू-की' के नाम से जाना जाता है।

## गुप्तोत्तर वंश

### पल्लव वंश

- पल्लव वंश की स्थापना सिंहविष्णु ने की थी। इसकी राजधानी काँची (काँचीपुरम) थी।
- 'मत्तविलास प्रहसन' की रचना पल्लव नरेश महेन्द्र वर्मन ने की।
- महाबलीपुरम् के रथ मन्दिर का निर्माण पल्लव नरेश नरसिंहवर्मन प्रथम के समय हुआ था। उसने वातापीकोंड की उपाधि ग्रहण की।

### राष्ट्रकूट वंश

- राष्ट्रकूट वंश की स्थापना दन्तिदुर्ग ने की थी। इसकी राजधानी मान्यखेट थी।
- ध्रुव प्रथम राष्ट्रकूट (दक्षिण भारत) शासक था, जिसने कन्नौज पर अधिकार के लिए त्रिपक्षीय संघर्ष में भाग लिया।
- अमोघवर्ष जैन धर्म का अनुयायी था, इसने कन्नड़ में 'कविराजमार्ग' की रचना की।
- एलोरा के प्रसिद्ध कैलाश मन्दिर का निर्माण कृष्ण प्रथम ने करवाया था।
- एलोरा एवं एलिफेंटा गुहा मन्दिरों का निर्माण राष्ट्रकूट शासकों के द्वारा हुआ।

### चोल

- चोल वंश की स्थापना विजयालय ने की थी। इसकी राजधानी तंजौर थी।
- चोल शासक राजराज प्रथम ने श्रीलंका पर आक्रमण करके विजित प्रदेशों को चोल साम्राज्य का नया प्रान्त बनाया।
- **राजाराज प्रथम** ने तंजौर में 'राजराजेश्वर का शिव मन्दिर' (वृहदेश्वर मन्दिर) बनवाया। राजाराज प्रथम ने शैलेन्द्र शासक को नागपट्टनम् में बौद्ध मठ स्थापित करने की अनुमति दी थी।
- **राजेन्द्र प्रथम** ने गंगाघाटी के सफल अभियान के क्रम में पाल वंश के शासक महिपाल को पराजित किया। इस विजय की स्मृति में उसने 'गंगैकोण्डचोलपुरम्' नगर का निर्माण किया।
- स्थानीय स्वशासन चोल साम्राज्य की प्रमुख विशेषता थी।

### पाल वंश

- पाल वंश का संस्थापक गोपाल था। उसने औदन्तपुरी (बिहार शरीफ) में बौद्ध विहार की स्थापना की थी।
- **धर्मपाल** ने विक्रमशिला विश्वविद्यालय का निर्माण करवाया।
- कन्नौज के लिए हुए त्रिपक्षीय संघर्ष की शुरूआत प्रतिहार नरेश वत्सराज ने की थी तथा त्रिपक्षीय संघर्ष का अन्त गुर्जर-प्रतिहारों की अन्तिम विजय से हुआ था।

### अन्य महत्त्वपूर्ण राजवंश

- कश्मीर के कार्कोट वंश के शासक ललितादित्य मुक्तापीड ने प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर 'मार्तण्ड' का निर्माण करवाया।
- 'राजतरंगिणी' का रचयिता कल्हण कश्मीर के लौहार वंश के शासक हर्ष के दरबार में रहता था।
- कल्हण ने 'राजतरंगिणी' की रचना लौहार वंश के अन्तिम शासक जयसिंह के काल में की।
- उड़ीसा के गंग वंश के शासक नरसिंह प्रथम ने भी कोणार्क में सूर्य मन्दिर का निर्माण करवाया।
- चन्देल वंश का संस्थापक नन्नुक था। इसकी राजधानी खजुराहो थी। खजुराहो के मन्दिरों का निर्माण चन्देलों ने करवाया था। परमारों की राजधानी उज्जैन थी, बाद में चलकर धारा उनकी राजधानी बनी।
- परमारवंशी शासक भोज एक महान् कवि था, उसने कविराज की उपाधि धारण की थी।
- भोज की कुछ रचनाओं में—'समरांग सूत्रधार', 'सरस्वती- कण्ठाभरण', 'विद्याविनोद', 'राजमार्तण्ड' आदि प्रमुख हैं।
- भोज ने धार में एक सरस्वती मन्दिर की स्थापना की।
- चौहान शासक अजयपाल ने अजमेर नगर की स्थापना की।
- पृथ्वीराज चौहान को 'रायपिथौरा' भी कहा जाता है। उसके राजकवि चन्दबरदाई ने 'पृथ्वीराज रासो' नामक महाकाव्य लिखा।
- पृथ्वीराज चौहान ने तराईन के प्रथम युद्ध (1191 ई.) में मुहम्मद गोरी को पराजित किया, किन्तु तराईन के द्वितीय युद्ध (1192 ई.) में गोरी से पराजित हो गया। अनंगपाल तोमर ने दिल्ली शहर की नींव डाली थी।

# मध्यकालीन भारत

## भारत पर मुस्लिम आक्रमण

- भारत पर पहला सफल मुस्लिम आक्रमण मुहम्मद बिन कासिम ने 712 ई. में किया था। उसने सिन्ध एवं मुल्तान को जीत लिया था।
- महमूद गजनवी ने 1001 से 1027 ई. के बीच भारत पर 17 आक्रमण किये। इनमें 1025 ई. में सोमनाथ के शिव मन्दिर पर किया गया आक्रमण सबसे प्रसिद्ध था।
- मुहम्मद गोरी को भारत में तुर्क सत्ता का संस्थापक माना जाता है।
- 1175 ई. में चालुक्य सोलंकी वंश के शासक भीम द्वितीय ने आबू पर्वत के समीप मुहम्मद गोरी को पराजित किया था।
- 1191 ई. के तराईन के प्रथम युद्ध में पृथ्वीराज चौहान के हाथों पराजय के बाद 1192 ई. के तराईन के द्वितीय युद्ध में उसने पृथ्वीराज चौहान को पराजित किया।
- 1194 ई. में चन्दावर के युद्ध में कन्नौज के गहड़वाल राजा जयचन्द को मुहम्मद गोरी ने पराजित किया।
- 1206 ई. में मुहम्मद गोरी की हत्या गजनी लौटने के क्रम में हो गई।

## दिल्ली सल्तनत

### गुलाम वंश (1206-1290 ई.)

- गुलाम वंश का संस्थापक **कुतुबुद्दीन ऐबक** (1206-1210 ई.) था।
- कुतुबुद्दीन ऐबक को उसकी उदारता के कारण 'लाखबख्श' (लाखों का दान करने वाला) कहा गया।
- ऐबक ने ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की स्मृति में कुतुबमीनार का निर्माण प्रारम्भ करवाया।
- 1210 ई. में चौगान (पोलो) खेलते समय ऐबक की मृत्यु हो गई।
- **इल्तुतमिश** (1210-1236 ई.) ने अपने विरोधियों से निबटने के लिए चालीस दासों का एक दल बनाया जिसे 'तुर्कान ए-चहलगानी' कहा गया।
- इल्तुतमिश ने अपने साम्राज्य को छोटे-छोटे क्षेत्रों में बाँट दिया जिसे इक्ता कहा गया, इसका प्रशासक इक्तादार होता था।
- इल्तुतमिश ने कुतुबमीनार के निर्माण को पूरा करवाया।
- इसने अपनी राजधानी लाहौर से दिल्ली स्थानान्तरित की।
- **रजिया सुल्तान** (1236-1240 ई.) भारत की प्रथम महिला मुस्लिम शासिका थी।
- रजिया ने पहनावे में पर्दे को त्याग कर कुबा (कोट) तथा कुलाह (टोपी) धारण की। उसने भटिण्डा के प्रशासक अल्तूनिया से निकाह किया।
- **बलबन** (1265-1287 ई.) दिल्ली सल्तलत का प्रथम सुल्तान था, जिसने सुल्तान की प्रतिष्ठा की पुनर्स्थापना के उद्देश्य से राजत्व सम्बन्धी विचार प्रस्तुत किया।
- बलबन ने फारसी (ईरानी) परम्परा की तर्ज पर 'सिजदा' तथा 'पाबोस' की प्रथा चलाई।
- उसने फारसी परम्परा पर आधारित 'नवरोज' उत्सव की शुरूआत की।
- बलबन ने अपने विरोधियों से निबटने के लिए 'लौह एवं रक्त' की नीति का अनुसरण किया।

### खिलजी वंश (1290-1320 ई.)

- खिलजी वंश का संस्थापक **जलालुद्दीन फिरोज खिलजी** (1290-1296 ई.) था। उसने अपनी राजधानी दिल्ली के निकट किलोखरी में बनाई।
- जलालुद्दीन फिरोज दिल्ली सल्तनत का पहला सुल्तान था जिसने राजत्व का आधार प्रजा का समर्थन माना।
- **अलाउद्दीन खिलजी** (1296-1316 ई.) का मूल नाम अली गुरशास्प था। उसने सिकन्दर द्वितीय सानी की उपाधि धारण की।
- अलाउद्दीन खिलजी प्रथम मुस्लिम सुल्तान था, जिसने दक्षिण भारत पर आक्रमण किया और उसे अपने अधीन किया।
- उसके सेनानायक मलिक काफूर को दक्षिण विजय का श्रेय दिया जाता है।
- अलाउद्दीन की नीतियों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण 'बाजार नियन्त्रण नीति' थी, जिसका उद्देश्य अपनी विशाल सेना की आवश्यकताओं को पूरा करना था।
- अलाउद्दीन ने इनाम, मिलक तथा वक्फ भूमि को खालसा भूमि में परिवर्तित कर दिया।
- वह प्रथम सुल्तान था जिसने भूमि की माप के आधार पर लगान निर्धारित किया।
- अलाउद्दीन ने सैनिकों की सीधी भर्ती तथा नकद वेतन देने की प्रथा की शुरूआत की। उसने सैनिकों के लिए 'चेहरा' तथा उनके घोड़ों के लिए 'दाग' प्रथा की शुरूआत की।

### तुगलक वंश (1320-1413 ई.)

- तुगलक वंश का संस्थापक **ग्यासुद्दीन तुगलक** (1320-1325 ई.) था।
- ग्यासुद्दीन तुगलक ने नहरों तथा कुओं का निर्माण करवाया तथा डाक-व्यवस्था को संगठित किया।
- **मुहम्मद बिन तुगलक** (1325-1351 ई.) का मूल नाम जौना खाँ था।
- कुछ इतिहासकारों ने मुहम्मद बिन तुगलक को 'पागल', 'रक्त- पिपासु' कहा है।
- मुहम्मद तुगलक द्वारा चार प्रयोग किये गए, ये राजधानी परिवर्तन, दोआब क्षेत्र में कर वृद्धि, सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन तथा कराचिल एवं खुरासान विजय की योजना थी।
- उसने अपनी राजधानी दिल्ली से दौलताबाद (देवगिरि) स्थानान्तरित की। पर बाद में पुन: दिल्ली ही राजधानी बनी।
- सांकेतिक मुद्रा के प्रचलन के लिए उसने ताँबे तथा इससे मिश्रित काँसे के सिक्के चलाए थे। पर यह योजना भी कतिपय कारणों से असफल रही।
- 'रेहला' पुस्तक का रचयिता मोरक्को का यात्री इब्नबतूता था, जो मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में भारत आया था।
- मुहम्मद बिन तुगलक ने कृषि के विकास के लिए एक नवीन कृषि विभाग 'दीवान-ए-अमीर कोही' की स्थापना की।
- **फिरोजशाह तुगलक** (1351-1388 ई.) अपने कल्याणकारी कार्यों के लिए प्रसिद्ध है।
- फिरोजशाह ने सिंचाई की सुविधा के लिए कई नहरों का निर्माण करवाया। वह पहला सुल्तान था जिसने प्रजा से सिंचाई कर 'शर्ब' वसूला।

- फिरोजशाह ने एक दान विभाग 'दीवान-ए-खैरान' की स्थापना की। उसने एक दास विभाग 'दीवान-ए-बन्दगान' की भी स्थापना की थी।
- वह पहला सुल्तान था जिसने ब्राह्मणों पर भी 'जजिया कर' लगाया।
- फिरोजशाह तुगलक ने अपनी आत्मकथा 'फुतूहात-ए-फिरोजशाही' की रचना की।
- मुहम्मदशाह 'तुगलक वंश' का अन्तिम शासक था, जिसके शासनकाल में तैमूरलंग का दिल्ली पर आक्रमण (1398 ई.) हुआ।
- **सैयद वंश** (1414-1451 ई.) का संस्थापक खिज्र खाँ था।

### लोदी वंश (1451-1526 ई.)

- लोदी वंश का संस्थापक **बहलोल लोदी (1451-1488** ई.) था, उसने भारत में पहली बार अफगान राज्य की स्थापना की।
- **सिकन्दर लोदी (1489-1517** ई.) ने भूमि की माप के लिए सिकन्दरी गज के इस्तेमाल की शुरूआत की।
- उसने 'गुलरुखी' के उपनाम से कविताएँ भी लिखीं।
- सिकन्दर लोदी ने 1504 ई. में आगरा नगर की स्थापना की तथा उसे अपनी राजधानी बनाया।
- **इब्राहिम लोदी** (1517-1526 ई.) दिल्ली सल्तनत का अन्तिम सुल्तान था। पानीपत के प्रथम युद्ध (1526 ई.) में बाबर ने इब्राहिम लोदी को पराजित कर दिल्ली सल्तनत का अन्त कर दिया।

## भक्ति एवं सूफी आन्दोलन

### भक्ति

- मध्यकाल में सर्वप्रथम दक्षिण के आलवार सन्तों द्वारा भक्ति आन्दोलन की शुरूआत हुई।
- उत्तर भारत में भक्ति आन्दोलन प्रारम्भ करने का श्रेय रामानन्द को है।
- रामानन्द का जन्म प्रयाग (इलाहाबाद) में हुआ था। उन्होंने विष्णु के अवतार के रूप में राम की भक्ति को लोकप्रिय बनाया।
- कबीर ने हिन्दू-मुस्लिम एकता पर बल दिया। उनकी रचनाएँ 'बीजक' में संगृहीत हैं। वे निर्गुण भक्ति धारा के प्रमुख कवि थे।
- गुरुनानक का जन्म ननकाना साहब (तलवण्डी) में हुआ था। उन्होंने हिन्दू-मुस्लिम एकता पर बल दिया।
- चैतन्य बंगाल में भक्ति आन्दोलन के प्रवर्तक थे। उन्होंने संकीर्तन प्रथा को जन्म दिया।
- सूरदास कृष्ण भक्ति परम्परा से सम्बन्धित थे। उन्होंने अपने ग्रन्थ 'सूरसागर' के राधा-कृष्ण के आदर्श प्रेम को लोकप्रिय बनाया।
- गुजरात के संत नरसिंह मेहता राधा-कृष्ण भक्ति से सम्बन्धित थे।
- शंकराचार्य के अद्वैतदर्शन के विरोध में दक्षिण में वैष्णव सन्तों द्वारा चार मतों की स्थापना की गई थी, जो इस प्रकार हैं

| | | |
|---|---|---|
| श्री सम्प्रदाय | रामानुजाचार्य | विशिष्टाद्वैतवाद |
| ब्रह्म सम्प्रदाय | माधवाचार्य | द्वैतवाद |
| रुद्र सम्प्रदाय | विष्णुस्वामी | शुद्धा द्वैतवाद |
| सनकादि सम्प्रदाय | निम्बार्काचार्य | द्वैताद्वैतवाद |

### सूफी

- सूफियों का संगठन 'सिलसिला' कहा जाता था। जो लोग सूफी संतों से शिष्यता ग्रहण करते थे, उन्हें 'मुरीद' कहा जाता था।
- चिश्ती सम्प्रदाय के संस्थापक ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती थे। उनका मकबरा अजमेर में स्थित है।
- बाबा फरीद की कुछ रचनाएँ 'गुरु ग्रन्थ साहिब' में शामिल हैं।
- हजरत निजामुद्दीन औलिया ने अपने जीवनकाल में दिल्ली के सात सुल्तानों का शासन देखा था। 'अभी दिल्ली दूर है,' ये वचन निजामुद्दीन औलिया ने ग्यासुद्दीन तुगलक को कहे थे।
- शेख अब्दुल्ला सत्तारी ने सत्तारी सिलसिले की स्थापना की थी। इसका मुख्य केन्द्र बिहार था।
- रोशनिया सम्प्रदाय के संस्थापक वायजीद अंसारी थे।
- सुहरावर्दी परम्परा की शाखा फिरदौसी पूर्वी भारत विशेषकर बिहार में विकसित हुई, जिसके महत्त्वपूर्ण सन्त शर्फुद्दीन याह्या मनेरी थे।

## दक्षिण के राज्य

### विजय नगर साम्राज्य

- विजयनगर साम्राज्य की स्थापना संगम के पुत्रों हरिहर तथा बुक्का ने 1336 ई. में की। उस समय दिल्ली का सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक था।

**विजय नगर साम्राज्य**

| राजवंश | शासनकाल | संस्थापक |
|---|---|---|
| संगम वंश | 1336-1485 ई. | हरिहर एवं बुक्का |
| सालुव वंश | 1485-1505 ई. | नरसिंह सलुव |
| तुलुव वंश | 1505-1570 ई. | वीर नरसिंह |
| अरवीडु वंश | 1570-1650 ई. | तिरूमल्ल |

- विजयनगर का महान् शासक कृष्णदेव राय (1509-1529 ई.) तुलुव वंश का था।
- कृष्णदेव राय के दरबार में आठ महान् कवि रहते थे, जिन्हें अष्ट दिग्गज' कहा जाता था।
- कृष्णदेव राय ने तेलुगू भाषा में 'अमुक्तमाल्यद' ग्रन्थ की रचना की। उसने 'हजारा' तथा 'विट्ठल स्वामी मन्दिर' का निर्माण भी करवाया।
- सदाशिव राय के शासनकाल में 1565 ई. में 'तालिकोटा' या 'बन्नीहट्टी' की लड़ाई हुई, जिसमें विजयनगर की हार हुई तथा विजयनगर साम्राज्य का पतन हो गया।

**विजयनगर आने वाले प्रमुख विदेशी यात्री**

| यात्री | देश | काल | शासक |
|---|---|---|---|
| निकोलो कोंटी | इटली | 1420 ई. | देवराय-प्रथम |
| अब्दुर्रज्जाक | फारस | 1442 ई. | देवराय-द्वितीय |
| नूनिज | पुर्तगाल | 1450 ई. | मल्लिकार्जुन |
| डोमिंग पायस | पुर्तगाल | 1515 ई. | कृष्णदेव राय |
| बारबोसा | पुर्तगाल | 1515-16 ई. | कृष्णदेव राय |

### बहमनी राज्य

- मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में 1347 ई. में हसनगंगू ने बहमनी राज्य की स्थापना की। वह अलाउद्दीन बहमन शाह के नाम से सत्तासीन हुआ।
- मुहम्मद तृतीय के शासनकाल में 'ख्वाजा जहाँ' की उपाधि से महमूद गवाँ को प्रधानमन्त्री नियुक्त किया गया।
- महमूद गवाँ ने बीदर में एक महाविद्यालय की स्थापना की।
- ताजुद्दीन फिरोज के शासनकाल में रूसी यात्री निकितन बहमनी राज्य की यात्रा पर आया था।

- कलीमउल्लाह बहमनी वंश का अन्तिम शासक था। इसकी मृत्यु के समय बहमनी राज्य पाँच स्वतन्त्र राज्यों में बँट गया। इन स्वतन्त्र राज्यों से सम्बन्धित विवरण इस प्रकार है

| राज्य | वंश | संस्थापक | वर्ष |
|---|---|---|---|
| बरार | हमादशाही | फतेहउल्लाह इमादशाह | 1484 ई. |
| बीजापुर | आदिलशाही | युसुफ आदिल शाह | 1489 ई. |
| अहमदनगर | निजामशाही | मलिक अहमद | 1490 ई. |
| गोलकुण्डा | कुतुबशाही | कुलीकुतुबशाह | 1512 ई. |
| बीदर | बरीदशाही | अमीर अली बरीद | 1526 ई. |

## मुगल साम्राज्य

मुगल वंश का संस्थापक बाबर था। उसने पानीपत के प्रथम युद्ध (1526 ई.) में इब्राहिम लोदी को पराजित कर भारत में मुगल वंश की स्थापना की।

### बाबर

- बाबर फरगना के शासक उमर शेख मिर्जा का बेटा था।
- पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर ने पहली बार तुलगमा पद्धति तथा तोपखाने का प्रयोग किया था।

**बाबर के शासनकाल में लड़े गए प्रमुख युद्ध**

| युद्ध का नाम | वर्ष | प्रतिपक्षी शासक | परिणाम |
|---|---|---|---|
| पानीपत का प्रथम युद्ध | 1526 ई. | इब्राहिम लोदी | बाबर विजयी |
| खानवा का युद्ध | 1527 ई. | राणा साँगा | बाबर विजयी |
| चन्देरी का युद्ध | 1528 ई. | मेदनी राय | बाबर विजयी |
| घाघरा का युद्ध | 1529 ई. | अफगानों की सम्मिलित सेना | बाबर विजयी |

- बाबर ने अपनी आत्मकथा 'बाबरनामा' की रचना तुर्की भाषा में की; जिसका अनुवाद बाद में फारसी भाषा में अब्दुल रहीम खानखाना ने किया।
- प्रारम्भ में बाबर के शव को आगरा में दफनाया गया, बाद में काबुल में दफनाया गया।

### हुमायूँ (1530-40, 1555-56 ई.)

- हुमायूँ ने अपने राज्य का बँटवारा अपने भाइयों में कर दिया।
- 1533 ई. में उसने 'दीनपनाह' नामक नगर की स्थापना की।
- जून 1539 ई. में हुमायूँ तथा शेर खाँ के बीच चौसा का युद्ध हुआ, जिसमें हुमायूँ पराजित हुआ।
- 1540 ई. में हुमायूँ तथा शेर खाँ, के बीच कन्नौज या बिलग्राम का युद्ध हुआ, जिसमें हुमायूँ पुन: पराजित हुआ तथा उसे भारत छोड़कर भागना पड़ा।
- हुमायूँ के निर्वासन काल में ही 1542 ई. में अमरकोट में अकबर का जन्म हुआ।
- 1555 ई. में 'मच्छीवाड़ा एवं सरहिन्द के युद्ध' में हुमायूँ ने अपना खोया साम्राज्य वापस प्राप्त कर लिया।
- 1556 ई. में दीनपनाह भवन में स्थित पुस्तकालय की सीढ़ियों से गिरकर उसकी मृत्यु हो गई।

### शेरशाह सूरी (1540-1545 ई.)

- शेरशाह का असली नाम फरीद खाँ था। उसके पिता हसन खाँ सासाराम के जमींदार थे।
- 1540 ई. में कन्नौज के युद्ध में विजयी होने के बाद उसने शेरशाह की उपाधि धारण की।
- उसने पुराने सिक्कों की जगह शुद्ध सोने-चाँदी के सिक्के जारी किये।
- उसने 'जब्ती' प्रणाली लागू की, जिसके अन्तर्गत लगान का निर्धारण भूमि की माप के आधार पर किया जाता था।
- शेरशाह ने रुपया का प्रचलन शुरू किया, जो 178 ग्रेन चाँदी का होता था।
- उसने दिल्ली में पुराने किले का निर्माण करवाया। उसके अन्दर 'किला-ए-कुहना मस्जिद' का निर्माण करवाया।
- उसके शासनकाल में मलिक मुहम्मद जायसी ने 'पद्मावत' की रचना की।
- शेरशाह का मकबरा सासाराम में स्थित है।
- कालिंजर विजय अभियान के दौरान शेरशाह की तोप फटने से मृत्यु हो गई।
- शेरशाह ने 'सड़क-ए-आजम' (ग्राण्ड-ट्रंक रोड) का निर्माण करवाया, जो सोनारगाँव से पेशावर तक जाती थी।

### अकबर (1556-1605 ई.)

- अकबर का राज्याभिषेक 14 वर्ष की आयु में पंजाब के कलानौर नामक स्थान पर हुआ था।
- बैरम खाँ अकबर का संरक्षक था।
- पानीपत का द्वितीय युद्ध नवम्बर, 1556 ई. में हुआ, जिसमें बैरम खाँ के नेतृत्व वाली मुगल सेना ने हेमू के नेतृत्व वाली अफगान सेना को पराजित किया।

**अकबर के महत्त्वपूर्ण कार्य**

| क्र.सं. | वर्ष | कार्य |
|---|---|---|
| 1. | 1562 ई. | दासप्रथा का अन्त |
| 2. | 1562 ई. | अकबर को हरमदल से मुक्ति |
| 3. | 1563 ई. | तीर्थयात्रा कर समाप्त |
| 4. | 1564 ई. | जजिया कर समाप्त |
| 5. | 1571 ई. | फतेहपुर सीकरी की स्थापना एवं राजधानी का आगरा से फतेहपुर सीकरी स्थानान्तरण |
| 6. | 1575 ई. | इबादतखाने की स्थापना |
| 7. | 1578 ई. | इबादतखाने में सभी धर्मों के लोगों के प्रवेश की अनुमति |
| 8. | 1579 ई. | मजहर की घोषणा |
| 9. | 1582 ई. | दीन-ए-इलाही की स्थापना |
| 10. | 1583 ई. | इलाही सम्वत् की शुरूआत |

- अकबर के शासनकाल के दौरान 1576 ई. में मेवाड़ के शासक राणा प्रताप तथा मुगल सेना के बीच 'हल्दी-घाटी का युद्ध' हुआ, जिसमें मानसिंह के नेतृत्व में मुगल सेना विजयी रही।
- अकबर के दीवान राजा टोडरमल ने 1580 ई. में 'दहसाला बन्दोबस्त' लागू किया।
- दीन-ए-इलाही स्वीकार करने वाला प्रथम एवं अन्तिम हिन्दू राजा बीरबल था। बीरबल के बचपन का नाम महेश दास था।
- अबुल फजल ने 'आईन-ए-अकबरी' तथा 'अकबरनामा' नामक ग्रन्थ की रचना की। अकबर के दरबार में 'नवरत्न' थे जिनमें तानसेन, बीरबल, टोडरमल आदि प्रमुख थे।
- 'मनसबदारी प्रथा' एक विशिष्ट सैन्य एवं प्रशासनिक व्यवस्था थी, जिसे भारत में अकबर ने प्रारम्भ किया था।
- अकबर के दरबार में अब्दुस्समद, दसवन्त एवं बसावन प्रमुख चित्रकार थे। अकबर का मकबरा सिकन्दरा में है।

## जहाँगीर (1605-1627 ई.)

- जहाँगीर के बचपन का नाम सलीम था। यह नाम अकबर ने सूफी सन्त शेख सलीम चिश्ती के नाम पर रखा था।
- जहाँगीर को 'न्याय की जंजीर' के लिए याद किया जाता है जो उसने आगरा के किले में लगवाई थी।
- अपने विद्रोही पुत्र खुसरो का साथ देने के आरोप में उसने सिखों के पाँचवें गुरु अर्जुन देव को फाँसी दे दी थी।
- जहाँगीर ने मेहरुन्निसा को शादी के बाद 'नूरमहल' एवं 'नूरजहाँ' की उपाधि दी।
- नूरजहाँ ईरान निवासी ग्यासबेग की पुत्री एवं अली कुली बेग (शेर अफगन) की विधवा थी।
- जहाँगीर के शासनकाल में ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भारत में अपनी पहली फैक्ट्री सूरत में स्थापित की।
- जहाँगीर ने अपनी आत्मकथा 'तुजुके-जहाँगीरी' की रचना फारसी भाषा में की।
- जहाँगीर के समय मुगल चित्रकला चरमोत्कर्ष पर थी।
- जहाँगीर के दरबार में आगा रजा, अबुल हसन, उस्ताद मंसूर, विशनदास, मनोहर आदि प्रमुख चित्रकार थे।
- जहाँगीर की मृत्यु भीमवार नामक स्थान पर हुई। उसे शहादरा (लाहौर) में रावी नदी के किनारे दफनाया गया।

## शाहजहाँ (1627-1658 ई.)

- शाहजहाँ का जन्म लाहौर में 5 जनवरी, 1592 को मारवाड के मोटा राजा उदयसिंह की पुत्री जगत गोसाई के गर्भ से हुआ था।
- शाहजहाँ का विवाह 1612 ई. में आसफ खाँ की पुत्री अर्जुमन्द बानू बेगम से हुआ, जो बाद में मुमताज महल के नाम से विख्यात हुई।
- शाहजहाँ ने मुमताज महल को मलिका-ए-जमानी की उपाधि दी। 1631 ई. में मुमताज की मृत्यु के बाद उसकी यादगार में शाहजहाँ ने ताजमहल का निर्माण करवाया।
- उसने पुर्तगालियों के बढ़ते प्रभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से 1632 ई. में पुर्तगालियों से युद्ध किया एवं हुगली पर अधिकार कर लिया।
- उसने दिल्ली में एक महाविद्यालय का निर्माण एवं दारुल बका नामक महाविद्यालय की मरम्मत करवाई।
- उसने दिल्ली में 'शाहजहाँनाबाद' नामक नया नगर बसाया तथा यहाँ नई राजधानी स्थापित की।
- मयूर सिंहासन का निर्माण शाहजहाँ ने ही करवाया था।
- शाहजहाँ द्वारा बनवाई गई प्रमुख इमारतें हैं—दिल्ली का लाल किला, दिल्ली की जामा मस्जिद, आगरा की मोती मस्जिद आदि।
- उत्तराधिकार के युद्ध में औरंगजेब ने शाहजहाँ को बन्दी बना कर आगरा के किले में डाल दिया जहाँ, 1666 ई. में उसकी मृत्यु हो गई।

## औरंगजेब (1658-1707 ई.)

- औरंगजेब को शासक बनने के लिए अपने भाइयों से युद्ध करना पड़ा था।
- दारा एवं औरंगजेब के बीच उत्तराधिकार का अन्तिम युद्ध देवराई की घाटी में 1659 ई. में हुआ। युद्ध में औरंगजेब विजयी रहा। उसके बाद उसने इस्लाम धर्म की अवहेलना के आरोप में दारा की हत्या करवा दी।
- 1659 ई. में दिल्ली में शाहजहाँ के महल में दूसरी बार औरंगजेब का राज्याभिषेक हुआ।
- औरंगजेब के समय मुगल साम्राज्य का सर्वाधिक विस्तार हुआ था। उसके शासनकाल में हिन्दू मनसबदारों की संख्या भी सबसे अधिक थी।
- इस्लाम धर्म नहीं स्वीकार करने के कारण सिखों के नवें गुरु तेग बहादुर की हत्या औरंगजेब ने करवा दी।
- उसे 'जिन्दा पीर' भी कहा जाता है।
- उसने 1679 ई. में हिन्दुओं पर जजिया कर लगाया।
- उसने 'झरोखा दर्शन' तथा 'तुलादान प्रथा' पर प्रतिबन्ध लगा दिया।
- औरंगजेब ने अपना अधिकतर समय दक्षिण भारत को जीतने में लगा दिया, जो उसके लिए नासूर साबित हुआ।
- औरंगजेब को मृत्यु के बाद दौलताबाद के निकट दफना दिया गया। उसका मकबरा औरंगाबाद में स्थित है।
- दिल्ली के लाल किला में 'मोती मस्जिद' का निर्माण औरंगजेब ने करवाया था।

## मराठा राज्य

- मराठा-शक्ति का उत्कर्ष **शिवाजी** के नेतृत्व में हुआ। उनका जन्म 1627 ई. में पूना के निकट स्थित शिवनेर किले में हुआ था।
- शिवाजी (1627-1680 ई.) के पिता का नाम शाहजी भोंसले तथा माता का नाम जीजाबाई था।
- शिवाजी के गुरु एवं संरक्षक दादाजी कोण्डदेव थे। उनके आध्यात्मिक गुरु स्वामी समर्थ रामदास थे।
- अपने सैन्य अभियान के अन्तर्गत शिवाजी ने सर्वप्रथम तोरण के किले को जीता। शिवाजी की राजधानी रायगढ़ थी।
- उन्होंने बीजापुर के सेनापति अफजल खाँ को पराजित कर, उसकी हत्या कर दी। शिवाजी ने 'गुरिल्ला युद्ध' पद्धति को अपनाया था।
- शिवाजी और राजा जयसिंह के बीच 1665 ई. में पुरन्दर की सन्धि हुई।
- 1674 ई. में शिवाजी ने रायगढ़ में अपना राज्याभिषेक कराया। उनका राज्याभिषेक काशी के प्रसिद्ध विद्वान् श्री गंगा भट्ट से करवाया गया। उन्होंने 'छत्रपति' की उपाधि धारण की।
- शिवाजी का अन्तिम महत्त्वपूर्ण अभियान 1676 ई. में कर्नाटक का अभियान था। उनकी मृत्यु 1680 ई. में हो गई।
- शिवाजी ने शासन कार्यों में सहयोग के लिए आठ मन्त्रियों की एक परिषद् गठित की, जिसे 'अष्ट प्रधान' कहा जाता था।
- शिवाजी की कर व्यवस्था मलिक अम्बर की व्यवस्था पर आधारित थी।
- **बालाजी विश्वनाथ** मराठों के प्रथम पेशवा थे, उन्हें 'मराठा साम्राज्य का द्वितीय संस्थापक' भी कहा जाता है।
- बालाजी विश्वनाथ ने 1719 ई. में मुगलों से एक सन्धि की, जिसे 'मराठा साम्राज्य का मैग्नाकार्टा' कहा जाता है।
- **बाजीराव प्रथम** के समय मराठों की शक्ति चरमोत्कर्ष पर थी। उसे हिन्दू पद पादशाही का सिद्धान्त प्रतिपादित करने का भी श्रेय दिया जाता है।
- बालाजी बाजीराव को 'नाना साहब' के नाम से भी जाना जाता है। इसने पेशवा के पद को पैतृक बनाया।
- **बालाजी बाजीराव** के समय ही पानीपत का तृतीय युद्ध (14 जनवरी, 1716 ई.) हुआ। इसमें अहमदशाह अब्दाली के नेतृत्व में अफगान सेना विजयी रही।
- **बाजीराव द्वितीय** मराठों का अन्तिम पेशवा था। 1818 ई. में अंग्रेजों ने पेशवा पद को समाप्त करके बाजीराव द्वितीय को कानपुर के निकट बिठूर निर्वासित कर दिया, जहाँ 1853 ई. में उसकी मृत्यु हो गई।

# आधुनिक भारत

## भारत में यूरोपीय व्यापारिक कम्पनियों का आगमन तथा अंग्रेजी आधिपत्य

- 1498 ई. में वास्कोडिगामा केरल के कालीकट के तट पर समुद्री मार्ग से पहुँचा।
- 1505 ई. में 'फ्रांसिस्को द अल्मीडा' भारत में प्रथम पुर्तगाली वायसराय बनकर आया।
- अल्बुकर्क ने 1510 ई. में बीजापुर के युसूफ आदिलशाह से गोवा जीता।
- भारत में प्रथम पुर्तगाली व्यापारिक कोठी कोचीन में स्थापित हुई।
- भारत में पहली डच फैक्ट्री मसूलीपट्टनम् में स्थापित की गई।
- डचों का भारत में अन्तिम रूप से पतन 1759 ई. में 'वेदरा के युद्ध' से हुआ।
- मुगल दरबार में जाने वाला प्रथम अंग्रेज कैप्टन हॉकिन्स था, जो जेम्स प्रथम के राजदूत के रूप में जहाँगीर के दरबार में गया था।
- 1615 ई. में सर टॉमस रो जहाँगीर के दरबार में पहुँचा।
- 1717 ई. में फर्रूखसियर ने ₹ 3,000 वार्षिक कर के बदले कम्पनी को बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा में व्यापारिक अधिकार प्रदान किया।
- 1757 ई. में क्लाइव के नेतृत्व में अंग्रेजों ने बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला को प्लासी के युद्ध में हराकर अंग्रेजी आधिपत्य कायम किया।
- बक्सर के युद्ध (1764 ई.) में अंग्रेजों ने शाहआलम (मुगल सम्राट), शुजाउद्दौला (अवध का नवाब) तथा मीर कासिम (बंगाल का नवाब) की संयुक्त सेनाओं को पराजित कर अंग्रेजी प्रभुत्व का विस्तार दिल्ली तक किया।
- फ्रांसीसियों ने 1667 ई. में सूरत में अपनी पहली फैक्ट्री खोली।
- फ्रांसीसी गवर्नर डूप्ले बहुत महत्त्वाकांक्षी था। वह भारत में फ्रांसीसी विस्तार की इच्छा रखता था।
- 1760 ई. में 'वाण्डीवाश के युद्ध' में फ्रांसीसियों की महत्त्वाकांक्षा ध्वस्त हो गई। उसे अंग्रेजों से इस युद्ध में पराजय मिली।

**भारत में यूरोपीय व्यापारिक कम्पनियों का आगमन**

| कम्पनी | स्थापना वर्ष |
|---|---|
| पुर्तगाली ईस्ट इण्डिया कम्पनी | 1498 ई. |
| डच ईस्ट इण्डिया कम्पनी | 1602 ई. |
| अंग्रेजी ईस्ट इण्डिया कम्पनी | 1600 ई. |
| डेनिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी | 1616 ई. |
| फ्रांसीसी ईस्ट इण्डिया कम्पनी | 1664 ई. |
| स्वीडिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी | 1731 ई. |

## 1857 ई. का विद्रोह

- 1857 ई. के विद्रोह की शुरूआत 10 मई, 1857 ई. को मेरठ से हुई।
- विद्रोह का तात्कालिक कारण नई एनफील्ड राइफल में चर्बीयुक्त (गाय एवं सूअर की चर्बी) कारतूस का प्रयोग करना था।
- इससे पहले बैरकपुर (प. बंगाल) में 34वीं नेटिव के सिपाही मंगल पाण्डे ने 28 मार्च, 1857 ई. को अपने सार्जेण्ट मेजर लेफ्टिनेण्ट बाघ पर गोली चला दी।

**1857 ई. के विद्रोह के केन्द्र, भारतीय नायक तथा विद्रोह को दबाने वाले अधिकारी**

| केन्द्र | भारतीय नायक | ब्रिटिश अधिकारी (विद्रोह दबाने वाला) |
|---|---|---|
| दिल्ली | बहादुरशाह जफर/बख्त खाँ (सैन्य नेतृत्व) | निकल्सन एवं हडसन |
| कानपुर | नाना साहब /तात्यां टोपे (सैन्य नेतृत्व) | कैंपबेल |
| लखनऊ | बेगम हजरत महल | कैंपबेल |
| झाँसी | रानी लक्ष्मीबाई | ह्यूरोज |
| इलाहाबाद | लियाकत अली | कर्नल नील |
| जगदीशपुर | कुँवर सिंह | विलियम टेलर एवं विन्सेंट आयर |
| बरेली | खान बहादुर खाँ | — |
| फैजाबाद | मौलवी अहमद उल्ला | — |
| फतेहपुर | अजीमुल्ला | जनरल रेनर्ड |

## सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आन्दोलन

- **राजा राममोहन राय** को 'भारतीय पुनर्जागरण का जनक' कहा जाता है।
- राजा राममोहन राय ने कोलकाता में 'वेदान्त कॉलेज' तथा डेविड हेयर के साथ मिलकर 'हिन्दू कॉलेज' की स्थापना की।
- 'ब्रह्म समाज' की स्थापना 1828 ई. में राजा राममोहन राय ने की।
- 'ब्रह्म समाज' में विभाजन के बाद **केशवचन्द्र सेन** ने 1866 ई. में आदि ब्रह्म समाज की स्थापना की। यंग बंगाल आन्दोलन के प्रवर्तक हेनरी विवियन डेरोजियो, हिन्दू कॉलेज के प्राध्यापक थे।
- प्रार्थना समाज की स्थापना **आत्माराम पाण्डुरंग** ने बम्बई में की।
- आर्य समाज की स्थापना स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 1875 ई. में बम्बई में की। दयानन्द सरस्वती का वास्तविक नाम मूलशंकर था।
- **दयानन्द सरस्वती** ने 'वेदों की ओर लौटो' का नारा दिया।
- रामकृष्ण मिशन की स्थापना **स्वामी विवेकानन्द** ने 1897 ई. में की। इस मिशन का नाम रामकृष्ण परमहंस के नाम पर रखा गया था।
- स्वामी विवेकानन्द का वास्तविक नाम नरेन्द्र दत्त था।
- विवेकानन्द ने 1893 ई. में शिकागो (अमेरिका) की विश्व धर्म संसद में भाग लिया था।
- थियोसोफिकल सोसायटी की स्थापना न्यूयॉर्क में 1875 ई. में कर्नल एच.एस. **अल्काट** तथा मैडम **ब्लावाट्स्की** द्वारा की गई।
- थियोसोफिकल सोसायटी की शाखा चेन्नई के निकट अड्यार में 1886 ई. में स्थापित की गई।
- वहाबी आन्दोलन के नेता सैयद **अहमद बरेलवी** थे। वहाबी आन्दोलन का मुख्य केन्द्र पटना था।
- 'अलीगढ़ आन्दोलन' की शुरूआत सर सैयद अहमद खाँ ने की थी।

## भारत का स्वतन्त्रता आन्दोलन

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना एक सेवानिवृत्त ब्रिटिश प्रशासनिक अधिकारी ए.ओ. ह्यूम द्वारा 1885 ई. में की गई।
- कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन दिसम्बर 1885 ई. में बम्बई में हुआ। इसमें कुल 72 सदस्यों ने भाग लिया था। इसके पहले अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी थे।
- बदरुद्दीन तैयबजी कांग्रेस के पहले मुस्लिम अध्यक्ष (1887 ई.) तथा जार्ज यूले प्रथम ईसाई तथा विदेशी अध्यक्ष (1888 ई.) थे।
- बाल गंगाधर तिलक ने राष्ट्रवादी भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से 1893 ई. में 'गणपति उत्सव' तथा 1895 ई. में 'शिवाजी उत्सव' प्रारम्भ किया।
- बंगाल में राष्ट्रीय चेतना को समाप्त करने के लिए लॉर्ड कर्जन द्वारा 16 अक्टूबर, 1905 ई. में बंगाल का विभाजन कर दिया गया।
- बंगाल विभाजन के विरोध में पूरे देश में स्वदेशी एवं बहिष्कार आन्दोलन चलाया गया।
- लाल, बाल एवं पाल क्रमश: लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक एवं विपिनचन्द्र पाल को कहा जाता था। ये उग्रपन्थी विचारधारा के समर्थक थे।
- दादा भाई नौरोजी ने कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन (1906 ई.) में सर्वप्रथम स्वराज की माँग प्रस्तुत की। उन्हें 'ग्रैण्ड ओल्ड मैन ऑफ इण्डिया' कहा जाता है।
- दादा भाई नौरोजी ने सर्वप्रथम 'धन निकासी' का सिद्धान्त दिया जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि किस प्रकार अंग्रेज भारत से धन ले जा रहे हैं।
- स्वदेशी के मुद्दे पर 1907 ई. के कांग्रेस के सूरत अधिवेशन में कांग्रेस का विभाजन दो भागों में हो गया।
- 1906 ई. में ढाका के नवाब सलीमुल्ला के नेतृत्व में 'मुस्लिम लीग' का गठन हुआ।
- सरकार ने 1909 ई. में भारतीय परिषद् अधिनियम पारित किया, जिसमें पहली बार मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचन क्षेत्र एवं मताधिकार की व्यवस्था दी गई थी।
- 1911 ई. में दिल्ली में इंग्लैण्ड के सम्राट जॉर्ज पंचम एवं महारानी मेरी के स्वागत में भव्य दरबार का आयोजन किया गया। इस समारोह में बंगाल विभाजन को रद्द करने तथा भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानान्तरित करने की घोषणा की गई।
- 1916 ई. में लखनऊ में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन में कांग्रेस के विभाजित धड़ों में समझौता हो गया। इसी अधिवेशन में पहली बार कांग्रेस एवं मुस्लिम लीग एक मंच पर आये।
- स्वशासन की माँग तेज करने के लिए बाल गंगाधर तिलक ने अप्रैल, 1916 में तथा ऐनी बेसेन्ट ने सितम्बर, 1916 में 'होमरूल लीग' का गठन किया।
- कांग्रेस के 1917 ई. के कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता श्रीमती ऐनी बेसेन्ट ने की। इस पद पर चुनी जाने वाली वे पहली महिला थीं।

## गाँधी युग

- बिहार के चम्पारण में तीन कठिया प्रथा के खिलाफ किया गया आन्दोलन गाँधीजी का भारत में पहला आन्दोलन था।
- वर्ष 1918 में गाँधीजी ने अहमदाबाद मजदूर आन्दोलन तथा खेड़ा किसान आन्दोलन को नेतृत्व प्रदान किया।
- 1919 ई. के भारत सरकार अधिनियम द्वारा प्रान्तों में द्वैध शासन की व्यवस्था की गई।
- पंजाब के दो महत्त्वपूर्ण नेता सैफुद्दीन किचलू तथा डॉ. सत्यपाल की गिरफ्तारी के विरोध में अमृतसर के जलियाँवाला बाग में 13 अप्रैल, 1919 ई. को विशाल जनसभा आयोजित की गई थी। जनरल डायर के निर्देश पर इस सभा पर गोलियाँ चलाई गईं, जिसमें सैकड़ों निहत्थे लोग मारे गए। इसे 'जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड' के नाम से जाना जाता है।
- जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के विरोध में रवीन्द्र नाथ टैगोर ने अपनी 'सर' की उपाधि लौटा दी।
- 1920 ई. में तुर्की के खलीफा के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार के विरोध में भारत में 'खिलाफत आन्दोलन' चलाया गया।
- कांग्रेस ने गाँधीजी के नेतृत्व में 1920 ई. में असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ किया। 5 फरवरी, 1922 को उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के चौरी-चौरा नामक स्थान पर उत्तेजित भीड़ ने कुछ सिपाहियों को थाने में जिन्दा जला दिया। इससे क्षुब्ध होकर गाँधीजी ने आन्दोलन को तत्काल वापस ले लिया।
- जनवरी, 1923 ई. में चित्तरंजन दास एवं मोतीलाल नेहरू ने 'कांग्रेस खिलाफत स्वराज्य पार्टी' की स्थापना की।
- 1923 ई. के चुनावों में स्वराज पार्टी केन्द्रीय विधायिका में विट्ठल भाई पटेल को अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित करवाने में सफल रही।
- 8 नवम्बर, 1927 ई. को 1919 ई. के भारत सरकार अधिनियम की समीक्षा करने के लिए साइमन कमीशन का गठन किया गया।
- 3 फरवरी, 1928 ई. को साइमन कमीशन भारत आया, लेकिन इस कमीशन में एक भी भारतीय के न होने के कारण देश भर में इसका विरोध किया गया।
- लाहौर में साइमन कमीशन के विरोध प्रदर्शन पर हुए लाठी चार्ज में लाला लाजपत राय को गम्भीर चोट लगी, जिसके कारण बाद में उनकी मृत्यु हो गई।
- 1929 ई. के कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए, जवाहरलाल नेहरू ने 'पूर्ण स्वराज' का लक्ष्य घोषित किया।
- 31 दिसम्बर, 1929 ई. को लाहौर में रावी नदी के तट पर जवाहरलाल नेहरू ने तिरंगे झण्डे को फहराया।
- 12 मार्च, 1930 ई. को महात्मा गाँधी ने 78 स्वयं सेवकों के साथ साबरमती आश्रम से डाण्डी के लिए प्रस्थान किया।
- 6 अप्रैल 1930 ई. को डाण्डी पहुँचकर गाँधीजी ने नमक कानून तोड़कर सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरूआत की।
- 5 मार्च, 1931 को गाँधीजी एवं तत्कालीन वायसराय इरविन के बीच हुए समझौते के बाद सविनय अवज्ञा आन्दोलन को स्थगित कर दिया गया।
- लन्दन में आयोजित तीन गोलमेज सम्मेलनों में कांग्रेस ने सिर्फ द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। इसमें कांग्रेस का प्रतिनिधित्व महात्मा गाँधी ने किया था।
- ब्रिटिश प्रधानमन्त्री रैम्जे मैक्डोनाल्ड द्वारा 1932 ई. में दलितों के लिए पृथक् निर्वाचन सम्बन्धी 'साम्प्रदायिक पंचाट' (कम्युनल अवार्ड) की घोषणा की गई।
- 1932 ई. में महात्मा गाँधी एवं बी. आर. अम्बेडकर के बीच 'पूना समझौता' हुआ, जिसके बाद अम्बेडकर ने दलितों (हरिजनों) के लिए पृथक प्रतिनिधित्व की माँग को वापस ले लिया।
- जयप्रकाश नारायण, आचार्य नरेन्द्र देव एवं मीनू मसानी के प्रयासों से 1934 ई. में 'कांग्रेस समाजवादी दल' का गठन किया गया।
- भारत सरकार अधिनियम 1935 के अन्तर्गत 'प्रान्तीय स्वायत्तता' की व्यवस्था की गई तथा एक संघीय न्यायालय के गठन का प्रावधान किया गया।
- 1937 ई. के प्रान्तीय विधानसभाओं के चुनाव के बाद कांग्रेस ने 8 प्रान्तों में अपनी सरकार बनाई।
- मुहम्मद अली जिन्ना ने 1940 ई. के मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में पृथक् पाकिस्तान की माँग की।

## स्वतन्त्रता प्राप्ति की ओर

- 8 अगस्त, 1942 को बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान में 'भारत छोड़ो आन्दोलन' प्रारम्भ करते हुए, महात्मा गाँधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया।
- महात्मा गाँधी से मतभेद होने के कारण सुभाष चन्द्र बोस ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर 1939 में 'फॉरवर्ड ब्लॉक' का गठन किया।
- 'आजाद हिन्द फौज' के गठन का विचार सर्वप्रथम कैप्टन मोहन सिंह के मन में आया था।
- 21 अक्टूबर, 1943 को सुभाष चन्द्र बोस ने सिंगापुर में अस्थायी भारत सरकार 'आजाद हिन्द सरकार' की स्थापना की।
- 'दिल्ली चलो' तथा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा' का नारा सुभाषचन्द्र बोस ने दिया था।
- महात्मा गाँधी को सर्वप्रथम 'राष्ट्रपिता' सुभाष चन्द्र बोस ने कहा था।
- 1946 ई. में 'कैबिनेट मिशन' भारत आया। इसके सदस्य थे—स्टैफर्ड क्रिप्स, पैथिक लॉरेन्स एवं ए.वी. अलक्जेण्डर।
- कैबिनेट मिशन की संस्तुति पर ही 'संविधान सभा' का गठन किया गया था।
- 3 जून, 1947 को तत्कालीन वायसराय माउण्टबेटन ने 'माउण्टबेटन योजना' प्रस्तुत की, जो बाद में भारत विभाजन का आधार बनी।
- 15 अगस्त, 1947 को भारत एवं पाकिस्तान नाम के दो नये राष्ट्र अस्तित्व में आए।
- भारत की स्वतन्त्रता के समय ब्रिटेन के प्रधानमन्त्री क्लीमेण्ट एटली थे। वे 'लेबर पार्टी' से सम्बन्धित थे।
- भारत की स्वतन्त्रता के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष जे.बी. कृपलानी थे।
- भारत के प्रथम गवर्नर-जनरल 'लॉर्ड माउण्टबेटन' थे। बाद में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी प्रथम एवं अन्तिम भारतीय गवर्नर-जनरल बने थे।

## स्वतन्त्रता आन्दोलन के दौरान प्रमुख क्रान्तिकारी घटनाएँ

- भारत में प्रथम क्रान्तिकारी घटना 22 जून, 1897 को घटी, जब चापेकर बन्धुओं ने पूना के प्लेग अधिकारियों रैण्ड एवं आमर्स्ट की गोली मारकर हत्या कर दी। 'अभिनव भारती' की स्थापना वी.डी. सावरकर ने की थी।
- प्रफुल्ल चन्द्र चाकी एवं खुदीराम बोस ने मुजफ्फरपुर के जज किंग्स फोर्ड को 1907 ई. में मारने का प्रयास किया। इस मामले में खुरीदाम बोस को फाँसी दी गई।
- 1905 ई. में लन्दन में श्याम जी कृष्ण वर्मा ने 'इण्डिया हाउस' की स्थापना की।
- 1907 ई. में जर्मनी के स्टुटगार्ट शहर में मैडम भीकाजी कामा ने भारत का राष्ट्रीय तिरंगा फहराया। उन्हें 'मदर ऑफ इण्डियन रिवोल्यूशन' कहा जाता है।
- रासबिहारी बोस ने 1911 ई. में नई राजधानी दिल्ली में प्रवेश करते समय लॉर्ड हार्डिंग पर बम फेंका था।
- लाला हरदयाल ने प्रवासी भारतीयों के सहयोग से 1913 ई. में सेनफ्रांसिस्को में 'गदर पार्टी' की स्थापना की।
- 1924 ई. में 'हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' की स्थापना हुई, जिसके सदस्यों ने अगस्त, 1925 को काकोरी जाने वाली ट्रेन में सरकारी खजाने को लूटा।
- चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व में 1928 ई. में दिल्ली में 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की स्थापना हुई।
- लाला लाजपत राय की मृत्यु का बदला लेने के लिए भगत सिंह के नेतृत्व में पुलिस कप्तान साण्डर्स की हत्या 1928 ई. में कर दी गई।
- 8 अप्रैल, 1929 को 'पब्लिक सेफ्टी बिल' के विरोध में भगत सिंह एवं बटुकेश्वर दत्त ने सेण्ट्रल लेजिस्लेटिव असेम्बली में बम फेंका।
- बंगाल से प्रसिद्ध क्रान्तिकारी सूर्यसेन के नेतृत्व में 1930 ई. में चटगाँव शस्त्रागार पर धावा बोला गया था।
- 23 मार्च, 1931 ई. को लाहौर षड्यन्त्र केस में भगतसिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को फाँसी दी गई।

### आधुनिक भारत एवं स्वतन्त्रता आन्दोलन के समय गठित महत्त्वपूर्ण राजनीतिक एवं सामाजिक संगठन तथा संस्थाएँ

| संस्था | स्थापना वर्ष | संस्थापक |
|---|---|---|
| एशियाटिक सोसाइटी | 1784 ई. | विलियम जोन्स |
| आत्मीय सभा | 1815 ई. | राजा राममोहन राय |
| वेदान्त कॉलेज | 1825 ई. | राजा राममोहन राय |
| युवा बंगाल आन्दोलन | 1826 ई. | हेनरी लुई विवियन डेरोजियो |
| ब्रह्म समाज | 1828 ई. | राजा राममोहन राय |
| तत्त्वबोधिनी सभा | 1839 ई. | देवेन्द्रनाथ ठाकुर |
| ब्रिटिश सार्वजनिक सभा | 1843 ई. | दादाभाई नौरोजी |
| परमहंस सभा | 1849 ई. | दादोबा पाण्डुरंग |
| रहनुमाई माजदायान सभा | 1851 ई. | दादाभाई नौरोजी |
| बालिका विद्यालय | 1851 ई. | ज्योतिबा फूले |
| मोहम्मडन एंग्लो लिटरेरी सोसायटी | 1863 ई. | अब्दुल लतीफ |
| साइण्टिफिक सोसायटी | 1864 ई. | सर सैयद अहमद खाँ |
| इण्डियन एसोसिएशन | 1866 ई. | दादाभाई नौरोजी |
| पूना सार्वजनिक सभा | 1867 ई. | एम.जी. रानाडे |

| संस्था | स्थापना वर्ष | संस्थापक |
|---|---|---|
| प्रार्थना समाज | 1867 ई. | एम.जी. रानाडे, आत्माराम पाण्डुरंग |
| वेद समाज | 1867 ई. | श्री घरलू नायडू |
| अलीगढ़ मोहम्मडन एंग्लो ओरिएण्टल कॉलेज | 1875 ई. | सर सैयद अहमद खाँ |
| इण्डियन लीग | 1875 ई. | शिशिर कुमार घोष |
| आर्य समाज | 1875 ई. | स्वामी दयानन्द सरस्वती |
| इण्डियन एसोसिएशन | 1876 ई. | आनन्दमोहन बोस, सुरेन्द्रनाथ बनर्जी |
| थियोसोफिकल सोसायटी | 1882 ई. | मैडम ब्लावट्स्की एवं कर्नल अल्काट |
| यूनाइटेड इण्डियन कमेटी | 1883 ई. | व्योमेशचन्द्र बनर्जी |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 1885 ई. | ए.ओ. ह्यूम |
| बॉम्बे प्रेसीडेन्सी एसोसिएशन | 1885 ई. | फिरोजशाह मेहता, तैलंग तथा तैयबजी |
| वेलूर मठ | 1887 ई. | स्वामी विवेकानन्द |
| इण्डियन सोशल कॉन्फ्रेंस | 1887 ई. | महादेव गोविन्द रानाडे |
| शारदा सदन | 1889 ई. | रमाबाई |
| रामकृष्ण मिशन | 1897 ई. | स्वामी विवेकानन्द |

| संस्था | स्थापना वर्ष | संस्थापक |
|---|---|---|
| सर्वेन्ट्स ऑफ इण्डिया सोसायटी | 1905 ई. | गोपाल कृष्ण गोखले |
| मुस्लिम लीग | 1906 ई. | आगा खाँ एवं सलीमुल्लाखान |
| अभिनव भारती | 1906 ई. | विनायक दामोदर सावरकर |
| अनुशीलन समिति | 1907 ई. | बारीन्द्र घोष, भूपेन्द्र दत्त |
| सोशल सर्विस लीग | 1911 ई. | नारायण मल्हार जोशी |
| विश्व भारती | 1912 ई. | रवीन्द्रनाथ ठाकुर |
| गदर पार्टी | 1913 ई. | लाला हरदयाल, काशीराम |
| हिन्दू महासभा | 1915 ई. | मदन मोहन मालवीय, लाला लाजपत राय एवं केलकर |
| होमरूल लीग | 1916 ई. | तिलक एवं ऐनी बेसेन्ट |
| वीमेन्स इण्डिया एसोसिएशन | 1917 ई. | लेडी सदाशिव अय्यर |

| संस्था | स्थापना वर्ष | संस्थापक |
|---|---|---|
| खिलाफत आन्दोलन | 1919 ई. | अली बन्धु |
| अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन | 1920 ई. | एन.एम. जोशी |
| स्वराज पार्टी | 1923 ई. | मोतीलाल नेहरू एवं चितरंजन दास |
| बहिष्कृत हितकारिणी सभा | 1924 ई. | बी.आर. अम्बेडकर |
| राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ | 1927 ई. | डॉ. हेडगेवार एवं बी.एस. मुंजे |
| हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी | 1928 ई. | भगत सिंह एवं चन्द्रशेखर आजाद |
| स्वतन्त्र श्रमिक पार्टी | 1936 ई. | बी.आर. अम्बेडकर |
| खुदाई खिदमतगार | 1937 ई. | खान अब्दुल गफ्फार खाँ |
| फॉरवर्ड ब्लॉक | 1939 ई. | सुभाषचन्द्र बोस |
| आजाद हिन्द फौज | 1942 ई. | रास बिहारी बोस |
| आजाद हिन्द सरकार | 1943 ई. | सुभाषचन्द्र बोस |

## प्रमुख गवर्नर जनरल एवं वायसराय तथा उनसे सम्बन्धित प्रमुख कार्य

### बंगाल के गवर्नर जनरल

| गवर्नर जनरल | कार्यकाल | कार्य |
|---|---|---|
| वॉरेन हेस्टिंग्स | 1774-85 ई. | रेवेन्यू, फौजदारी व अपीलीय न्यायालयों की स्थापना, द्वैध शासन की समाप्ति |
| लॉर्ड कार्नवालिस | 1786-93 ई. | स्थायी भूमि बन्दोबस्त, कार्नवालिस कोड |
| लॉर्ड वेलेजली | 1798-1805 ई. | सहायक सन्धि प्रणाली |
| **भारत के गवर्नर जनरल** | | |
| विलियम बैंटिक | 1833-35 ई. | सती प्रथा की समाप्ति, ठगी प्रथा का उन्मूलन |
| चार्ल्स मेटकॉफ | 1835-36 ई. | प्रेस पर प्रतिबन्ध की समाप्ति |
| लॉर्ड एलनबरो | 1842-44 ई. | सिन्ध का विलय |
| लॉर्ड डलहौजी | 1848-46 ई. | रेल, आधुनिक डाक, तार व पी.डब्ल्यू.डी. की स्थापना, वुड डिस्पैच की घोषणा, 'हड़प नीति' का जनक |
| **भारत के वायसराय** | | |
| लॉर्ड कैनिंग | 1858-62 ई. | कलकत्ता, बम्बई व मद्रास विश्वविद्यालय स्थापित |
| लॉर्ड लिटन | 1876-80 ई. | दिल्ली दरबार, वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट, आर्म्स एक्ट |
| लॉर्ड रिपन | 1880-84 ई. | प्रथम कारखाना अधिनियम, इल्बर्ट बिल |
| लॉर्ड कर्जन | 1899-1905 ई. | बंगाल विभाजन, प्राचीन स्मारक परिरक्षण कानून, भारतीय विश्वविद्यालय कानून |
| लॉर्ड मिण्टो | 1995-10 ई. | पृथक निर्वाचन क्षेत्र की व्यवस्था |
| लॉर्ड हार्डिंग | 1910-16 ई. | भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानान्तरित |
| लॉर्ड चेम्सफोर्ड | 1916-21 ई. | रौलेट एक्ट, जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड |
| लॉर्ड इरविन | 1926-31 ई. | गाँधी-इरविन समझौता (1931 ई.) |
| लॉर्ड वेलिंगटन | 1931-34 ई. | कम्युनल अवार्ड (1931 ई.) |
| लॉर्ड लिनलिथगो | 1934-37 ई. | प्रान्तीय चुनाव |
| लॉर्ड वैवेल | 1943-47 ई. | शिमला सम्मेलन, कैबिनेट मिशन, संविधान सभा की स्थापना |
| लॉर्ड माउण्टबेटन | 1947 ई. | भारत विभाजन एवं भारत की स्वतन्त्रता |

## अंग्रेजी शासन के दौरान हुए महत्त्वपूर्ण विद्रोह

| आन्दोलन/विद्रोह | प्रभावित क्षेत्र | सम्बन्धित नेता/नेतृत्व | विद्रोह का वर्ष |
|---|---|---|---|
| संन्यासी विद्रोह | बिहार, बंगाल | केना सरकार, दिरजीनारायण | 1763-1800 ई. |
| फकीर विद्रोह | बंगाल | मजनुशाह एवं चिराग अली | 1776-77 ई. |
| चुआर विद्रोह | बाकुड़ा (बंगाल) | दुर्जन सिंह | 1798 ई. |
| पॉलीगरों का विद्रोह | तमिलनाडु | वीर पी. काट्टावाग्मान | 1799-01 ई. |

| आन्दोलन/विद्रोह | प्रभावित क्षेत्र | सम्बन्धित नेता/नेतृत्व | विद्रोह का वर्ष |
|---|---|---|---|
| वेलुथाम्पी विद्रोह | ट्रावनकोर | वेलुथाम्पी | 1808-09 ई. |
| भील विद्रोह | पश्चिमी घाट | सेवाराम | 1825-31 ई. |
| रामोसी विद्रोह | पश्चिमी घाट | चित्तर सिंह | 1822-29 ई. |
| पागलपन्थी विद्रोह | असोम | टीपू | 1825-27 ई. |
| अहोम विद्रोह | असोम | गोमधर कुँवर | 1828 ई. |
| वहाबी आन्दोलन | बिहार, उत्तर प्रदेश | सैयद अहमद टीटूमीर | 1831 ई. |
| कोल आन्दोलन | छोटा नागपुर (झारखण्ड) | नारायण राव | 1831-32 ई. |
| खासी विद्रोह | असोम | तीरथ सिंह | 1833 ई. |
| फैराजी आन्दोलन | बंगाल | शरीयतुल्ला | 1839 ई. |
| संथाल विद्रोह | बंगाल, बिहार | सिद्धू कान्हू | 1855-57 ई. |
| मुण्डा विद्रोह | बिहार | बिरसा मुण्डा | 1899-1900 ई. |
| पाइक विद्रोह | उड़ीसा | बख्शी जंगबन्धु | 1817-1825 ई. |
| नील आन्दोलन | बंगाल | दिगम्बर | 1859-60 ई. |
| पाबना विद्रोह | पाबना (बंगाल) | ईशानचन्द्र राय एवं शम्भुपाल | 1873-76 ई. |
| दक्कन विद्रोह | महाराष्ट्र | – | 1874-75 ई. |
| मोपला विद्रोह | मालाबार (केरल) | अली मुदालियार | 1920-22 ई. |
| कूका आन्दोलन | पंजाब | भगत जवाहरमल | – |
| रम्पा विद्रोह | आन्ध्र प्रदेश | सीताराम राजू | 1879-1922 ई. |
| तानाभगत आन्दोलन | बिहार | जतरा भगत | 1914 ई. |
| तेभागा आन्दोलन | बंगाल | कम्पाराम सिंह एवं भवन सिंह | 1946 ई. |
| तेलंगाना आन्दोलन | आन्ध्र प्रदेश | – | 1946 ई. |

# अभ्यास के लिए प्रश्न

## प्राचीन भारत पाषाण काल व सिन्धु घाटी सभ्यता

**1.** प्रागैतिहासिक काल के अन्तर्गत किन संस्कृतियों को रखा जाता है?
(a) कांस्य (b) लौह (c) पाषाण (d) ताम्र

**2.** मानव सभ्यता के विकास की प्रथम अवस्था कौन-सी थी?
(a) पशुचारण अवस्था (b) शिकार अवस्था
(c) कृषि अवस्था (d) औद्योगिक अवस्था

**3.** प्रागैतिहासिक काल के उपकरण एवं हथियार किससे बनाए जाते थे?
(a) लोहा (b) ताँबा
(c) कांसा (d) पत्थर

**4.** प्राचीन मानव ने सर्वप्रथम किस पशु को पालतू बनाया?
(a) बैल (b) कुत्ता (c) सिंह (d) घोड़ा

**5.** मानव ने आग का प्रयोग सर्वप्रथम किस युग में किया?
(a) नवपाषाण युग (b) ताम्रपाषाण युग
(c) मध्यपाषाण युग (d) धातु युग

**6.** मानव ने कृषि कार्य किस युग से आरम्भ किया?
(a) पुरापाषाण युग (b) मध्यपाषाण युग
(c) नवपाषाण युग (d) धातु युग

**7.** मानव द्वारा सर्वप्रथम किस धातु का प्रयोग किया गया?
(a) कांसा (b) तांबा
(c) लोहा (d) चाँदी

**8.** मानव ने सर्वप्रथम किस फसल का उपयोग किया?
(a) जौ (b) चावल
(c) गेहूँ (d) कपास

**9.** नवपाषाण युग में चावल की खेती का प्राचीनतम साक्ष्य कहाँ से मिला है?
(a) मेहरगढ़ (b) कोल्डिहवा
(c) बुर्जहोम (d) दैमाबाद

**10.** सिन्धु घाटी सभ्यता किस काल की सभ्यता मानी जाती है?
(a) पुरापाषाण काल
(b) लौह काल
(c) कांस्य काल
(d) महापाषाण काल

**11.** हड़प्पा की खुदाई सर्वप्रथम कब हुई?
(a) 1930 ई. में (b) 1925 ई. में
(c) 1922 ई. में (d) 1921 ई. में

**12.** निम्न में से किस स्थल को 'मृतकों का टीला' के नाम से जाना जाता है?
(a) हड़प्पा (b) धौलावीरा
(c) मोहनजोदड़ो (d) कालीबंगा

**13.** मोहनजोदड़ो के टीले को खोजने का श्रेय किसे है?
(a) राखालदास बनर्जी (b) दयाराम साहनी
(c) जॉन मार्शल (d) माधवस्वरूप वत्स

**14.** हड़प्पा सभ्यता में विशाल 'स्नानागार' का साक्ष्य कहाँ से प्राप्त हुआ है?
(a) हड़प्पा (b) मोहनजोदड़ो
(c) लोथल (d) धौलावीरा

**15.** निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| नगर | नदी |
|---|---|
| (a) हड़प्पा | रावी |
| (b) मोहनजोदड़ो | सिन्धु |
| (c) कालीबंगा | घग्घर |
| (d) लोथल | सतलज |

**16.** सिन्धु घाटी सभ्यता में 'गोदीवाड़ा' का साक्ष्य कहाँ से प्राप्त हुआ है?
(a) धौलावीरा (b) लोथल
(c) सुरकोटड़ा (d) चन्हूदड़ो

**17.** निम्न में से किस धातु का प्रयोग हड़प्पा के लोग नहीं करते थे?
(a) सोना (b) चाँदी (c) कांसा (d) लोहा

**18.** किस हड़प्पा सभ्यता स्थल से 'कांस्य नर्तकी की मूर्ति' प्राप्त हुई है?
(a) मोहनजोदड़ो (b) हड़प्पा
(c) कालीबंगा (d) चन्हूदड़ो

## वैदिक सभ्यता

**19.** आर्य भारत में सबसे पहले कहाँ बसे?
(a) सप्त सिन्धु प्रदेश
(b) गंगा-यमुना दोआब
(c) घग्घर-हकरा पाट
(d) इन सभी जगहों पर

**20.** ऋग्वैदिक काल का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण देवता कौन था?
(a) अग्नि (b) विष्णु
(c) इन्द्र (d) वरुण

**21.** ऋग्वेद में उल्लिखित नदियों में सर्वाधिक पवित्र नदी कौन-सी थी?
(a) गंगा (b) सरस्वती
(c) यमुना (d) सिन्धु

**22.** ऋग्वैदिक आर्य किसकी पूजा करते थे?
(a) गाय की (b) वृक्ष की
(c) माता की (d) प्रकृति की

**23.** ऋग्वेद के दसवें मण्डल में निम्न में से किसका उल्लेख पहली बार मिलता है?
(a) पुरोहित (b) शूद्र
(c) सेनानी (d) सोम रस

**24.** 'गायत्री मन्त्र' का उल्लेख किस वेद में है?
(a) यजुर्वेद (b) अथर्ववेद
(c) ऋग्वेद (d) सामवेद

**25.** ऋग्वैदिक आर्यों की भाषा क्या थी?
(a) द्रविड़ (b) संस्कृत (c) पालि (d) प्राकृत

**26.** निम्नलिखित में से प्राचीनतम वेद कौन-सा है?
(a) ऋग्वेद (b) सामवेद
(c) यजुर्वेद (d) अथर्ववेद

**27.** निम्नलिखित में से किस वेद की रचना गद्य एवं पद्य दोनों में की गई है?
(a) ऋग्वेद (b) सामवेद
(c) यजुर्वेद (d) अथर्ववेद

**28.** ऋग्वेदकाल में विनिमय के माध्यम में किसका प्रयोग किया जाता था?
(a) भूमि (b) मुद्रा (c) दास (d) गाय

**29.** ऋग्वैदिक काल की सबसे प्राचीन राजनीतिक संस्था कौन-सी थी?
(a) सभा (b) समिति
(c) विदथ (d) परिषद्

**30.** निम्न में कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| | नदियों के प्राचीन नाम | आधुनिक नाम |
|---|---|---|
| (a) | वितस्ता | झेलम |
| (b) | विपासा | व्यास |
| (c) | परुष्णी | रावी |
| (d) | कुम्भा | सुवास्तु |

**31.** उत्तरवैदिक काल का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण देवता था
(a) इन्द्र (b) विष्णु (c) प्रजापति (d) शिव

**32.** उत्तर वैदिककालीन लोगों ने किस धातु की खोज की?
(a) लोहा (b) कांसा (c) ताँबा (d) चाँदी

**33.** भारत का आदर्श राष्ट्रीय वाक्य 'सत्यमेव जयते' कहाँ से लिया गया है?
(a) कठोपनिषद् (b) मुण्डकोपनिषद्
(c) छान्दोग्य उपनिषद् (d) ऋग्वेद

## जैन, बौद्ध धर्म व महाजनपद

**34.** जैन धर्म का वास्तविक संस्थापक किसे माना जाता है?
(a) ऋषभदेव (b) नेमिनाथ
(c) महावीर (d) पार्श्वनाथ

**35.** जैन धर्म के 24वें तथा अन्तिम तीर्थंकर थे
(a) महावीर (b) पार्श्वनाथ
(c) भद्रबाहु (d) स्थूलबाहु

**36.** पार्श्वनाथ द्वारा प्रतिपादित चार महाव्रतों में महावीर स्वामी ने कौन-सा पाँचवाँ व्रत जोड़ा?
(a) अपरिग्रह (b) ब्रह्मचर्य
(c) सत्य (d) अस्तेय

**37.** जैन धर्म में 'त्रिरत्न' हैं
(a) सम्यक् दर्शन (b) सम्यक् ज्ञान
(c) सम्यक् चरित्र (d) ये सभी

**38.** महावीर का जन्म कहाँ हुआ था?
(a) राजगीर (बिहार)
(b) सारनाथ (उत्तर प्रदेश)
(c) वैशाली (बिहार)
(d) कुशीनगर (उत्तर प्रदेश)

**39.** 'स्याद्वाद' किस धर्म के दर्शन का मूल आधार है?
(a) जैन धर्म (b) बौद्ध धर्म
(c) शैव धर्म (d) भागवत् धर्म

**40.** प्रथम जैन संगीति कहाँ आयोजित की गई थी?
(a) सारनाथ (b) पाटलिपुत्र
(c) वल्लभी (d) श्रवणबेलगोला

**41.** महावीर ने किस भाषा में उपदेश दिया?
(a) प्राकृत (b) संस्कृत
(c) हिन्दी (d) द्रविड़

**42.** महात्मा बुद्ध का जन्म कहाँ हुआ था?
(a) सारनाथ (b) गया
(c) राजगीर (d) लुम्बिनी

**43.** महात्मा बुद्ध के 'गृह त्याग' को बौद्ध ग्रन्थों में क्या कहा जाता है?
(a) महापरिनिर्वाण (b) धर्मचक्रप्रवर्तन
(c) महाभिनिष्क्रमण (d) इनमें से कोई नहीं

**44.** महात्मा बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति कहाँ हुई?
(a) पाटलिपुत्र, गंगा नदी के तट पर
(b) इलाहाबाद, संगम पर
(c) बोधगया (उरुवेला), निरंजना नदी के तट पर
(d) जाम्भिक, ऋजुपालिका नदी के तट पर

**45.** महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश कहाँ दिया?
(a) लुम्बिनी (b) बोधगया
(c) कुशीनगर (d) सारनाथ

**46.** बौद्ध धर्म के 'त्रिरत्न' हैं
(a) बुद्ध (b) धम्म
(c) संघ (d) ये सभी

**47.** महात्मा बुद्ध ने अपने उपदेश किस भाषा में दिये?
(a) पालि (b) संस्कृत
(c) द्रविड़ (d) इन सभी में

**48.** सोलह महाजनपदों के बारे में किस बौद्ध ग्रन्थ से जानकारी मिलती है?
(a) अंगुत्तरनिकाय (b) महावस्तु
(c) जातक (d) महावंश

**49.** निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| | महाजनपद | राजधानी |
|---|---|---|
| (a) | गंधार | तक्षशिला |
| (b) | अंग | चम्पा |
| (c) | मगध | गिरिव्रज |
| (d) | कोशल | मथुरा |

## मगध साम्राज्य

**50.** हर्यंक वंश के किस शासक को 'कुणिक' कहा जाता है?
(a) बिम्बिसार (b) अजातशत्रु
(c) उदायिन (d) प्रद्युम्न

**51.** पाटलिपुत्र नगर की स्थापना किसने की?
(a) बिम्बिसार (b) अजातशत्रु
(c) उदायिन (d) महापद्मनन्द

**52.** निम्न में से किस शासक ने वैवाहिक सम्बन्धों के आधार पर अपने साम्राज्य को स्थिरता प्रदान की?
(a) बिम्बिसार (b) अजातशत्रु
(c) उदायिन (d) कालाशोक

**53.** अवन्ति को मगध साम्राज्य में मिलाने का श्रेय किस शासक को है?
(a) उदायिन (b) कालाशोक
(c) शिशुनाग (d) महापद्मनन्द

**54.** कालाशोक की राजधानी कहाँ थी?
(a) वैशाली (b) राजगृह
(c) चम्पा (d) पाटलिपुत्र

**55.** निम्न में से किस शासक को 'सर्वक्षत्रान्तक' अर्थात् क्षत्रियों का नाश करने वाला कहा गया है?
(a) धननन्द (b) महापद्मनन्द
(c) अजातशत्रु (d) सिकन्दर

**56.** सिकन्दर के आक्रमण के समय मगध का शासक कौन था?
(a) महापद्मनन्द (b) चन्द्रगुप्त मौर्य
(c) धननन्द (d) राष्ट्रपाल

**57.** सिकन्दर कहाँ का शासक था?
(a) बेबीलोन (b) मकदूनिया
(c) ईरान (d) चीन

**58.** सिकन्दर एवं पोरस के बीच हुआ 326 ई.पू. का युद्ध किस नाम से जाना जाता है?
(a) पानीपत का युद्ध
(b) वितस्ता या झेलम का युद्ध
(c) दाशराज्ञ युद्ध
(d) अरवेला का युद्ध

## मौर्य साम्राज्य

**59.** चन्द्रगुप्त मौर्य की 'सैण्ड्रोकोट्स' के रूप में किसने पहचान की?
(a) जॉन मार्शल (b) विलियम जोन्स
(c) जेम्स प्रिन्सेप (d) वी स्मिथ

**60.** चन्द्रगुप्त मौर्य का प्रधानमन्त्री कौन था?
(a) चाणक्य (b) मेगस्थनीज
(c) तुषास्फ (d) उपगुप्त

**61.** चन्द्रगुप्त मौर्य ने नन्द वंश के किस शासक को समाप्त कर मौर्य वंश की स्थापना की थी?
(a) महापद्मनन्द (b) नन्दिवर्धन
(c) राष्ट्रपाल (d) धननन्द

**62.** प्रसिद्ध यूनानी राजदूत मेगस्थनीज किसके दरबार में रहता था?
(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) अशोक
(c) बिन्दुसार (d) दशरथ

**63.** कौटिल्य की विश्व प्रसिद्ध रचना है
(a) नीतिसार (b) अर्थशास्त्र
(c) मुद्राराक्षस (d) इण्डिका

**64.** 'इण्डिका' किसकी रचना है?
(a) विष्णुगुप्त (b) चाणक्य
(c) मेगस्थनीज (d) टॉलेमी

**65.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) कौटिल्य का दूसरा नाम विष्णुगुप्त या चाणक्य था
(b) चन्द्रगुप्त ने सौराष्ट्र में सुदर्शन झील का निर्माण करवाया था
(c) चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने अन्तिम समय में जैन धर्म की दीक्षा ले श्रवणबेलगोला में प्राण त्याग दिये
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**66.** यूनानियों ने किसे 'अमित्रोचेट्स' कहा है?
(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) अशोक
(c) बिन्दुसार (d) कुणाल

**67.** मौर्य शासक अशोक ने कलिंग पर कब आक्रमण किया था?
(a) 269 ई.पू. (b) 261 ई.पू.
(c) 259 ई.पू. (d) 251 ई.पू.

**68.** अशोक के शिलालेखों को सर्वप्रथम किसने पढ़ा?
(a) पाद्रेटी फैन्थेलर (b) विलियम जोन्स
(c) चार्ल्स विल्किन्स (d) जेम्स प्रिन्सेप

**69.** अशोक के किस शिलालेख में उसकी कलिंग विजय का वर्णन है?
(a) नवें (b) दसवें
(c) ग्यारहवें (d) तेरहवें

**70.** निम्न में से किस लघु शिलालेख में अशोक का 'बुद्धशाक्य' एवं 'अशोक' नाम मिलता है?
(a) अहरौरा (b) मास्की
(c) एर्रगुडी (d) सहसराम

**71.** अशोक का कौन-सा अभिलेख दो भाषाओं (ग्रीक, अरामेईक) में प्राप्त होता है?
(a) शरे-कुना (b) शाहबाज-गढ़ी
(c) कालसी (d) रुम्मिनदेई

**72.** साँची के स्तूप का निर्माण किसने कराया था ?
(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) बिन्दुसार
(c) अशोक (d) कनिष्ठ

**73.** मेगस्थनीज ने भारतीय समाज का वर्गीकरण कितने भागों में किया है?
(a) चार (b) पाँच
(c) छह (d) सात

**74.** किस मौर्य शासक ने 'धम्म' का प्रतिपादन किया था?
(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) अशोक
(c) दशरथ (d) कुणाल

**75.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) अशोक ने धम्म के प्रचार के लिए महेन्द्र एवं संघमित्रा को श्रीलंका भेजा था
(b) चन्द्रगुप्त मौर्य की राजधानी पाटलिपुत्र थी
(c) अशोक के धम्म की परिभाषा 'राहुलोवादसुत्त' नामक बौद्ध ग्रन्थ से ली गई है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**76.** मौर्यकाल में 'विष्टि' किसे कहा जाता था?
(a) धार्मिक कर को (b) सिंचाई कर को
(c) निःशुल्क श्रम को (d) भू-राजस्व को

**77.** निम्नलिखित में से किस शासक ने 'अश्वमेध यज्ञ' कराया था?
(a) अशोक (b) दशरथ
(c) पुष्यमित्र शुंग (d) कुणाल

**78.** प्रसिद्ध व्याकरणाचार्य 'पतंजलि' किसके समकालीन थे ?
(a) अशोक (b) पुष्यमित्र शुंग
(c) वसुदेव (d) कनिष्क

**79.** शुंग वंश का संस्थापक कौन था?
(a) पुष्यमित्र शुंग (b) पुष्यभूति
(c) अग्निमित्र (d) वसुमित्र

**80.** 'भूमिदान' का सर्वप्रथम उल्लेख किस राजवंश के समय का प्राप्त होता है?
(a) शुंग (b) कण्व
(c) सातवाहन (d) गुप्त

**81.** सीसे के सिक्के किस राजवंश के शासकों ने चलाए थे?
(a) शुंग (b) सातवाहन
(c) कुषाण (d) गुप्त

**82.** भारत में सबसे पहले किस वंश के शासकों ने सोने के सिक्के चलाए?
(a) इण्डो ग्रीक (b) शक
(c) पहलव (d) कुषाण

**83.** किस राजा के शासनकाल में ईसाई धर्म प्रचारक 'सेण्ट थॉमस' भारत आया?
(a) मिनाण्डर (b) कनिष्क
(c) गोन्दोफर्निस (d) कुषाण

## गुप्त साम्राज्य

**84.** गुप्त वंश का संस्थापक कौन था?
(a) घटोत्कच गुप्त
(b) चन्द्रगुप्त प्रथम
(c) श्रीगुप्त (d) रामगुप्त

**85.** गुप्त वंश के किस शासक ने सर्वप्रथम 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण की?
(a) श्रीगुप्त (b) घटोत्कच गुप्त
(c) चन्द्रगुप्त प्रथम (d) समुद्रगुप्त

**86.** किस गुप्त शासक को 'कविराज' कहा गया?
(a) समुद्रगुप्त (b) रामगुप्त
(c) स्कन्दगुप्त (d) कुमारगुप्त

**87.** किस गुप्त शासक को 'भारत का नेपोलियन' कहा जाता है?
(a) चन्द्रगुप्त द्वितीय (b) समुद्रगुप्त
(c) रामगुप्त (d) कुमारगुप्त

**88.** श्रीलंका के राजा मेघवर्मन ने किस गुप्त शासक से भगवान बुद्ध का मन्दिर बनवाने की अनुमति माँगी थी?
(a) समुद्रगुप्त (b) स्कन्दगुप्त
(c) कुमारगुप्त (d) उपगुप्त

**89.** चीनी यात्री फाह्यान किसके शासनकाल में भारत आया था?
(a) समुद्रगुप्त
(b) चन्द्रगुप्त प्रथम
(c) चन्द्रगुप्त द्वितीय
(d) कुमारगुप्त

**90.** चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने किस उपलक्ष में चाँदी के सिक्के जारी किए थे?
(a) राजा बनने के
(b) हूणों को पराजित करने के
(c) शादी करने के
(d) शकों को पराजित करने के

**91.** गुप्तकालीन 'नवरत्न' किस शासक के दरबार में थे?
(a) कुमारगुप्त (b) स्कन्दगुप्त
(c) समुद्रगुप्त (d) चन्द्रगुप्त द्वितीय

**92.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) मेहरौली के स्तम्भ लेख का सम्बन्ध चन्द्रगुप्त द्वितीय से है
(b) नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना कुमारगुप्त ने की थी
(c) भारत पर हूणों का आक्रमण स्कन्दगुप्त के समय में हुआ
(d) उपरोक्त सभी

**93.** गुप्तकालीन स्वर्ण सिक्कों को क्या कहा जाता था?
(a) दीनार (b) रूपक
(c) कार्षापण (d) निष्क

**94.** मन्दिर निर्माण की कला का जन्म सर्वप्रथम कब हुआ?
(a) मौर्य काल में (b) गुप्त काल में
(c) कुषाण काल में (d) सैन्धव काल में

**95.** गुप्त स्थापत्य कला का सर्वोत्कृष्ट नमूना है
(a) देवगढ़ का दशावतार मन्दिर
(b) तिगवा का विष्णु मन्दिर
(c) भितरगांव का मन्दिर
(d) भूमरा का शिव मन्दिर

**96.** सर्वाधिक सोने के सिक्के किस काल में चलाये गए?
(a) गुप्त (b) कुषाण (c) वर्द्धन (d) मौर्य

**97.** हर्षवर्द्धन की राजधानी थी
(a) थानेश्वर (b) पाटलिपुत्र
(c) उज्जैन (d) कन्नौज

**98.** चीनी यात्री ह्वेनसांग किसके शासनकाल में भारत आया था?
(a) चन्द्रगुप्त द्वितीय (b) कुमारगुप्त
(c) हर्षवर्द्धन (d) राज्यवर्द्धन

**99.** 'प्रयाग प्रशस्ति' की रचना किसने की थी?
(a) बाणभट्ट (b) हरिषेण
(c) रविकीर्ति (d) कालिदास

**100.** हर्षवर्द्धन को नर्मदा नदी के तट पर किस शासक ने हराया था?
(a) पुलकेशिन प्रथम (b) अमोघवर्ष
(c) पुलकेशिन द्वितीय (d) देवपाल

**101.** कन्नौज के लिये हुए त्रिपक्षीय युद्ध को अन्ततः किसने जीता?
(a) पाल (b) प्रतिहार
(c) राष्ट्रकूट (d) चालुक्य

**102.** एलोरा के 'कैलाश मन्दिर' का निर्माण किसने करवाया था?
(a) कृष्ण प्रथम (b) इन्द्र प्रथम
(c) इन्द्र तृतीय (d) कृष्ण तृतीय

**103.** 'स्थानीय स्वशासन' किसके प्रशासन की विशेषता थी?
(a) चेरों की (b) पल्लवों की
(c) चोलों की (d) पालों की

## मध्यकालीन भारत

## भारत पर मुस्लिम आक्रमण

**104.** 712 ई. में भारत पर पहला सफल मुस्लिम आक्रमण किसके द्वारा किया गया?
(a) मुहम्मद बिन कासिम
(b) मुहम्मद हज्जाल
(c) महमूद गजनवी
(d) मुहम्मद गोरी

**105.** महमूद गजनवी ने भारत पर कुल कितने आक्रमण किए?
(a) 15 (b) 16 (c) 17 (d) 19

**106.** महमूद गजनवी के आक्रमणों में सबसे महत्त्वपूर्ण आक्रमण कौन-सा था?
(a) वैहिन्द पर आक्रमण
(b) सोमनाथ पर आक्रमण
(c) कालिंजर पर आक्रमण
(d) नारायणपुर पर आक्रमण

**107.** महमूद गजनवी के भारत पर आक्रमण के समय भारत आए विद्वान् 'अलबरूनी' ने किस ग्रन्थ की रचना की?
(a) किताब-उल-रहला (b) शाहनामा
(c) राजतरंगिणी (d) किताब-उल-हिन्द

**108.** भारत का वह पहला शासक कौन था जिसने मुहम्मद गोरी को पराजित किया था?
(a) पृथ्वीराज चौहान (b) मूलराज प्रथम
(c) मूलराज द्वितीय (d) जयचन्द

**109.** मुहम्मद गोरी की हत्या कब हुई?
(a) 1206 ई. में (b) 1207 ई. में
(c) 1208 ई. में (d) 1209 ई. में

## दिल्ली सल्तनत

**110.** दिल्ली सल्तनत के किस सुल्तान की मृत्यु चौगान (पोलो) खेलते समय हो गई?
(a) इल्तुतमिश
(b) बलबन
(c) कुतुबुद्दीन ऐबक
(d) अलाउद्दीन खिलजी

**111.** 'कुतुबमीनार' का निर्माण किस सूफी की याद में किया गया था?
(a) निजामुद्दीन औलिया
(b) कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी
(c) मुहम्मद गौस
(d) सलीम चिश्ती

**112.** भारत की प्रथम मुस्लिम महिला शासिका कौन थी?
(a) चाँद बीबी (b) रजिया सुल्तान
(c) गुलबदन बेगम (d) नूरजहाँ

**113.** 'इक्तादारी' प्रथा किसने प्रारम्भ की?
(a) मुहम्मद गोरी
(b) मुहम्मद बिन तुगलक
(c) सिकन्दर लोदी
(d) इल्तुतमिश

**114.** भारत में 'सिजदा' एवं 'पाबोस' प्रथा की किसने शुरूआत की?
(a) बलबन
(b) इल्तुतमिश
(c) मुहम्मद बिन तुगलक
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

